हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## मानवता को भारत का अनूठा उपहार है योगः मुर्मू



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि योग, मानवता को भारत का अनूठा उपहार है साथ ही आज के वक्त में जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं में वृद्धि के कारण यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मुर्मू ने राष्ट्रपति सचिवालय के अन्य अधिकारियों के साथ यहां राष्ट्रपति भवन में योग किया।







बर्फीली चोटियों से समुद्र तक छाया योग

# धरती से आसमां तक 'योग-क्रांति'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत के साथ-साथ 21 जून को दुनियाभर में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के पूर्वोत्तर राज्यों से लेकर कश्मीर और कन्याकुमारी तक लोग योग के रंग में रंगे नजर आए। देश दुनिया में अलग-अलग जगहों पर बच्चे, बड़ों के साथ ही जनप्रतिनिधियों सहित तीनों सेना के तीनों ⏭ शेष पेज 4 पर



## सीएम साय बोले- स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी योग जरूरी



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योग किया और स्वस्थ जीवन-शैली के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संदेश लोगों को दिया।




नया खुलासा — जेल में बंद डॉन के गैंग ने करवाया है पेपर लीक

# नीट में डॉन रवि अत्री की एंट्री, बिलासपुर की छात्रा के अंक में भी गड़बड़ी, सियासी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में रोजाना नए खुलासे होते जा रहे हैं। अब इस केस में रवि अत्री गैंग का नाम सामने आया है। रवि अत्री फिलहाल यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कराने के मामले में उत्तर प्रदेश की मेरठ जेल में बंद है। उसका नाम यूपी में कई परीक्षाओं के पेपर लीक में पहले आ चुका है। बताया जा रहा है कि उसके गैंग ने पटना और नालंदा के बॉर्डर से नीट परीक्षा का पेपर लीक करवाया था। इधर, बिलासपुर में एक छात्रा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर नीट में अंक गड़बड़ होने की शिकायत की है, जिस पर हाईकोर्ट ने शासन से जवाब मांगा है। ⏭ शेष पेज 4 पर



### संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और विवि अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा स्थगित करने की घोषणा की। एनटीए ने एक परिपत्र में कहा, 25 और 27 जून को आयोजित होने वाली संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा कारणों से स्थगित की जा रही है। परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम बाद में आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से घोषित किया जाएगा।

### बिलासपुर में ऐसा मामला

बिलासपुर। मेडिकल कालेज में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा में कापी जांचने में गड़बड़ी की बात सामने आई है। छात्रा के तीन प्रश्नों के गलत उत्तर देने पर माइनस मार्किंग की गई है, किन्तु एक सही प्रश्न पर कोई अंक नहीं दिया गया। याचिका दायर होने पर शासन की ओर से बताया गया कि कम्प्यूटर ने उस प्रश्न को रीड नहीं किया इसलिए ऐसा हुआ। ⏭ शेष पेज 4 पर

### छग कांग्रेस का प्रदर्शन, भूपेश बोले- महाघोटाला



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई एवं केन्द्रीय शिक्षामंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को एक दिवसीय राजस्तरीय धरना दिया। राजीव गांधी चौक पर हुए प्रदर्शन में कांग्रेस ने नीट मामले में केंद्र सरकार को फेल बताया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, नीट में जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ है, उससे परीक्षार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। जो अयोग्य हैं, वो पैसों के दम पर सेलेक्ट हुए हैं। इसी के खिलाफ आज धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ है। यह सिर्फ पेपर लीक ही नहीं है, यह महाघोटाला है।

इधर, लोक परीक्षा कानून लागू

## गड़बड़ी की तो 1 करोड़ तक जुर्माना और 10 साल तक सजा भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पेपर लीक को लेकर इस साल फरवरी में पारित हुआ कानून आज से लागू हो गया है। सरकार ने कानून की अधिसूचना जारी की है. लोक परीक्षा कानून 2024 के लागू होने के बाद सार्वजनिक परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने पर तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसमें नकल पर रोकथाम के लिए न्यूनतम तीन साल से पांच साल तक के कारावास और इस तरह के संगठित अपराध में शामिल लोगों को पांच से 10 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है। प्रस्तावित कानून में न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।

### सभी परीक्षाएं कानून के दायरे में

*विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और एनटीए द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आएंगी। लोक परीक्षा कानून 2024 में कहा गया है, ''प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना', 'सार्वजनिक परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवार की सहायता करना' अपराध माना जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### अंततः कुलपति पद से हटाई गईं ममता चंद्राकर



खैरागढ़। इंदिरा कला संगीत विवि में घटित नए घटनाक्रम में अचानक दोपहर को राजभवन ने आदेश जारी कर पद्मश्री ममता चंद्राकर को कुलपति के पद से हटाते हुए संभागायुक्त सत्यनारायण राठौड़ को तत्काल प्रभाव से कुलपति का दायित्व सौंप दिया। 2020 में कांग्रेस राज में भूपेश बघेल के ⏭ शेष पेज 4 पर

### बृजमोहन का मंत्री पद से इस्तीफा मंजूर



रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सलाह पर बृजमोहन अग्रवाल का 20 जून को मंत्री पद से इस्तीफा मंजूर कर लिया है। उल्लेखनीय है कि श्री अग्रवाल ने सांसद निर्वाचित होने के बाद 19 जून को राज्यपाल को मंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंपा था।

### पार्टी मुख्यालय में पटनायक पर स्याही फेंकी गई



भुवनेश्वर। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरत पटनायक पर यहां पार्टी मुख्यालय में दो अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर स्याही फेंकी। घटना पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे उस समय हुई, जब दो नकाबपोश आरोपी यहां कांग्रेस भवन में पटनायक के कक्ष में घुसे और उनके कपड़ों पर नीली स्याही फेंक दी।

प्रशासनिक बदलाव

## अजय राज्य निर्वाचन आयुक्त बंसल को मनरेगा का भी जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पूर्व आईएएस अजय सिंह की नियुक्ति की गई है। श्री सिंह राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहे थे। श्री सिंह की नियुक्ति से पहले यह पद कुछ महीनों से खाली था। इस पद पर पूर्व में ठाकुर राम सिंह कार्यरत थे, जिनका सेवाकाल समाप्त होने के बाद से यह पद खाली था। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इस साल के अंत में नगरीय निकायों के चुनाव होने वाले हैं। इसके बाद त्रिस्तरीय जिला पंचायतों के चुनाव होने हैं।



- कुलदीप को रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं का अतिरिक्त प्रभार, नम्रता जैन सुकमा जिप. सीईओ

### दो आईएएस अफसरों को अतिरिक्त कार्यभार

राज्य शासन ने कुछ आईएएस अफसरों के प्रभार में बदलाव करते हुए नया प्रभार सौंपा है। आईएएस रजत बंसल को राज्य मनेरगा आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके शेष प्रभार यथावत रहेंगे। इसी क्रम में आईएएस कुलदीप शर्मा को रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं का अतिरिक्त प्रभार सौंपते हुए उनके अन्य प्रभार यथावत रखे गए हैं। राज्य शासन ने आईएएस नम्रता जैन के जिला पंचायत सुकमा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया है।

एसीबी की कार्रवाई

## पचास हजार की रिश्वत लेते एसडीएम समेत चार को दबोचा



एसडीएम भागीरथी खांडे | नगर सैनिक कविनाथ सिंह | सहायक रीडर धर्मपाल दास | भृत्य अबीर राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने सरगुजा में बड़ी कार्रवाई करते हुए एसडीएम, रीडर समेत चार लोगों को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी ने ग्रामीण से राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने के नाम पर पैसे मांगे थे लेकिन ग्रामीण ने इस मामले की शिकायत एसीबी से कर दी जिसके बाद एसीबी ने आज देर शाम उदयपुर एसडीएम व रीडर समेत चार लोगों को 50 हजार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक ⏭ शेष पेज 4 पर

- रिकार्ड दुरुस्त करने के नाम पर मांगे थे रुपए

### इस तरह पकड़े गए आरोपी

एसीबी द्वारा शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप कार्रवाई के तहत शुक्रवार की शाम 6 बजे कन्हाई राम को 50 हजार रुपए के साथ एसडीएम कार्यालय भेजा गया। इस दौरान जब कन्हाई राम बंजारा ने एसडीएम भागीरथी खांडे से रुपए के लेनदेन की बात की तो ⏭ शेष पेज 4 पर










यूजीसी ने इन संस्थानों में लोकपाल गठन नहीं होने का दिया है हवाला

# डिफाल्टर मामले में यूजीसी ही घिरा, विश्वविद्यालयों ने कहा- हम नियुक्त कर चुके लोकपाल, अनुदान आयोग अपडेट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

विश्वविद्यालयों में लोकपाल की नियुक्ति नहीं होने के कारण उन्हें डिफाल्टर घोषित किए जाने संबंधित मामले में यूजीसी स्वयं ही घिर गया है। प्रदेश के जिन पांच विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर सूची में रखा गया है उनमें से दो का कहना है कि उनके यहां पूर्व में ही लोकपाल की नियुक्ति की जा चुकी है। यूजीसी इससे अपडेट नहीं है, जबकि शेष विश्वविद्यालयों का कहना है कि ⏭ शेष पेज 4 पर

### विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने प्रदेश के पांच विश्वविद्यालयों को घोषित किया है डिफाल्टर

#### प्रक्रिया प्रारंभ

विवि में लोकपाल नियुक्ति की प्रक्रिया पहले ही प्रारंभ हो चुकी है। तकनीकी कारणों से नियुक्ति नहीं हो पाई है। कुलपति के आते ही सोमवार को आदेश भी जारी हो जाएगा।

-रमेश सोनवाले, कुलसचिव कामधेनु विवि




#### चार माह पूर्व नियुक्ति वेबसाइट पर है जानकारी

विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति चार माह पूर्व मार्च में ही की जा चुकी है। इसकी पुष्टि नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है, जहां सभी जानकारी अपडेट है। लोकपाल नियुक्ति की जानकारी यूजीसी को भी भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक उनकी वेबसाइट पर अपडेट नहीं होने के कारण देखने वालों को अधूरी और गलत जानकारी मिल रही है।

- डॉ.ललित प्रकाश पटेरिया, कुलपति रायगढ़ विवि

#### साझा किए डॉक्यूमेंट

विश्वविद्यालयों ने अपना पक्ष रखते हुए डॉक्यूमेंट भी पेश किए हैं। पिछली तिथियों में जारी अधिसूचना और वेबसाइट में दी गई तारीखों का जिक्र विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा अपना पक्ष रखते हुए किया गया है। विश्वविद्यालय अब इस मामले में यूजीसी से संपर्क करने के मूड में हैं। वे विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर सूची से हटाने की मांग करेंगे। डिफाल्टर की लिस्ट में छग से कृषि विवि, उद्यानिकी विवि, कामधेनु विवि, रायगढ़ विवि तथा आयुष विवि के नाम हैं।

*चुनाव आयोग (ईसी) ने जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। 20 अगस्त तक मतदाता सूची भी तैयार हो जाएगी। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखा है कि चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के स्पेशल समरी रिविजन (एसएसआर) का कार्यक्रम दिया जाएगा।*

# जम्मू-कश्मीर चुनाव : 20 अगस्त तक फाइनल हो जाएगी मतदाता सूची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**कश्मीर समेत 4 राज्यों में वोटर लिस्ट का रिवीजन २५ जून से**

शुक्रवार को एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान केंद्रों के स्थानों को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए उन्हें तर्कसंगत बनाने सहित स्पेशल समरी रिविजन एक्सरसाइज 25 जून से शुरू होगी। मतदाता सूची को 1 जुलाई की कट-ऑफ तारीख के साथ अपडेट किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में (हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर) ड्राफ्ट नामावली 25 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद मतदाताओं के पास 9 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज करने का मौका है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तय कार्यक्रम के अनुसार 20 अगस्त तक किया जाएगा।

### खास बातें

- हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में होने हैं चुनाव
- चुनाव आयोग ने कहा- 25 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी ड्राफ्ट नामावली
- 1 जुलाई की कट-ऑफ तारीख के साथ अपडेट किया जाएगा मतदाता सूची को




**2018 में भंग हुई कश्मीर विधानसभा**

2018 में भंग होने के बाद से जम्मू-कश्मीर में कोई विधानसभा नहीं है। जबकि हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभाओं का कार्यकाल 11 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को खत्म हो रहा है। यानी इससे पहले चुनाव करना होगा। चुनाव आयोग ने कहा, "निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद एक नए सदन के गठन के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधान सभा के लिए आम चुनाव भी आयोजित किया जाना है। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की भारी भागीदारी को देखते हुए आयोग ने 1 जुलाई, 2024 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची को अपडेट करने का भी निर्देश दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि एसएसआर के अलावा चुनाव आयोग इस हफ्ते दिल्ली में चुनाव वाले राज्यों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है।

### 47 उपचुनाव कराने की प्रक्रिया भी शुरू

आयोग ने कहा कि चुनाव आयोग ने देश भर में होने वाले 47 उपचुनाव कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल चुनाव आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव कराने का आदेश दिया था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि चुनाव आयोग बहुत जल्द ही चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करेगा। लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के पांच संसदीय क्षेत्रों में कुल मिलाकर 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## खबर संक्षेप

### चौहान ने दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तुअर, उड़द और मसूर उत्पादक किसानों को सौ फीसद खरीद का आश्वासन दिया है। चौहान ने प्रमुख दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ शुक्रवार को पहली वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राज्यों से आग्रह किया गया कि वे केंद्र के साथ मिलकर काम करें ताकि भारत न केवल खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बने बल्कि विश्व का खाद्यान्न भंडार भी बने। देश में दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता को देखते हुए यह बैठक बुलाई गई थी ताकि आयात को कम किया जा सके।

### आमिर खान के बेटे की फिल्म पर रोक हटाई



**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बॉलीवुड स्टार आमिर खान के बेटे जुनैद की पहली फिल्म 'महाराज' की रिलीज पर लगी अंतरिम रोक हटाते हुए कहा कि फिल्म में कुछ भी अपमानजनक नहीं है और यह पुष्टिमार्ग संप्रदाय को निशाना नहीं बनाती है, जैसा कि याचिका में आरोप लगाया गया है। यह फिल्म 1862 के एक मानहानि मामले पर आधारित है, जिसमें वैष्णव धार्मिक नेता एवं समाज सुधारक करसनदास मुलजी शामिल थे।

### चेन्नई में 1.67 करोड़ रुपए का सोना जब्त



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में हवाई अड्डे पर तीन अलग-अलग मामलों में 1.67 करोड़ रुपये मूल्य का ढाई किलो से अधिक सोना जब्त किया गया है। चेन्नई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है चेन्नई सीमा शुल्क विभाग की खुफिया इकाई ने 17 एवं 18 जून को मलेशिया तथा अबू धाबी से आए यात्रियों से विभिन्न रूपों में क्रमशः 710 ग्राम, 1,056 ग्राम और 900 ग्राम सोना बरामद किया।

**आतंकी के लिए कनाडा की संसद में मौन रखने पर मचा है बवाल**

# निज्जर मामले में भारत ने कनाडाई दूतावास के समक्ष जताया कड़ा विरोध

**खास बातें**

*भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रूडो सरकार को दिया मुंहतोड़ जवाब*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कनाडा की संसद ने पिछले दिनों खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर के लिए मौन रखा था, जिस पर खूब विवाद हुआ। भारत ने कनाडा की इस हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है और उसके कदम का विरोध जताया है। निज्जर के लिए मौन रखे जाने के मामले पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने पलटवार करते हुए दिल्ली में कनाडाई उच्च वाणिज्य दूतावास के समक्ष विरोध जताया। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया, 'हम अतिवाद को राजनीतिक जगह देने के किसी भी कदम का विरोध करते हैं और उचित कार्रवाई चाहते हैं। इससे पहले भी भारत ने कनाडा को इस मामले में जवाब दिया था और वैंकूवर में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 कनिष्क पर कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए बम विस्फोट के 329 पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने की घोषणा की थी।

### भारतीय दूतावास की पोस्ट

इधर, वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया था, '23 जून 2024 को एयर इंडिया की उड़ान 182 (कनिष्क) पर कायरतापूर्ण आतंकवादी बम विस्फोट की 39वीं बरसी है, जिसमें 86 बच्चों सहित 329 निर्दोष पीड़ितों ने अपनी जान गंवा दी।" महावाणिज्य दूतावास ने आगे कहा, '23 जून 2024 को 1830 बजे स्टेनली पार्क के सेपरले प्लेग्राउंड क्षेत्र में एयर इंडिया मेमोरियल में एक स्मारक सेवा निर्धारित की गई है। आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए भारतीय प्रवासियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया है।'

**भारत में बम ब्लास्ट का आरोपी था निज्जर**

निज्जर खालिस्तानी टाइगर फोर्स का मास्टरमाइंड होने की वजह से भारत में वॉन्टेड था। निज्जर की पिछले साल कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी। निज्जर की याद में कनाडा की संसद में मौन पिछले दिनों रखा गया।

## कनाडाई संसद में खालिस्तान और ट्रूडो सरकार पर बरसे सांसद



कनाडा में खालिस्तानी तत्व एक बार फिर से सिर उठा रहे हैं। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की बरसी के मौके पर हाल ही में खालिस्तानियों ने जन अदालत का आयोजन किया था। इस दौरान चरमपंथियों ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई मंत्रियों के बारे में अपना-शनाप बोला था। यही नहीं खालिस्तानी अब 23, जून 1985 को हुए आतंकी हमले की बरसी पर भी जुटने का ऐलान कर रहे हैं। इस बीच कनाडा की संसद में ही उन्हें आईना दिखाया गया है। भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि कनाडा में एक बार फिर से वह विचारधारा सिर उठा रही है, जिसने कनिष्क आतंकी हमला कराया था। इस हमले में 329 बेगुनाह लोगों की मौत हो गई थी।

### आर्य ने भी की एकजुटता की अपील

कनाडा की संसद को संबोधित करते हुए आर्य ने कहा कि वह विचारधारा अब भी यहां कुछ लोगों में है, जिसने आतंकी हमला कराया था। उन्होंने संसद में सभी से अपील की कि वे 23 जून को आतंकी हमले की बरसी के मौके पर जुटें और मारे गए बेगुनाह लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। चंद्र आर्य का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब खालिस्तानियों ने निज्जर की हत्या की बरसी मनाई। इसके अलावा कनाडा की संसद में भी उसके लिए एक मिनट का मौन रखा गया था। खालिस्तानी तत्वों ने भारतीय कौंसुलेट के बाहर जन अदालत का आयोजन भी किया था।

# टेलीग्राम पर लीक हुआ था यूजीसी-नेट का पेपर, 5000 रुपए में हो रहा था सौदा

**गृह मंत्रालय के 14सी को पेपर लीक से जुड़े मिले इनपुट**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




नीट विवाद के बाद यूजीसी-नेट का पेपर लीक होने से परीक्षा कराने वाली एजेंसी एनटीए सवालों के घेरे में है। शिक्षा मंत्रालय ने पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी है और एनटीए की समीक्षा करवाने के लिए एक टीम गठित कर दी है। गृह मंत्रालय के 14सी को पेपर लीक से जुड़े इनपुट मिलने के बाद यह फैसला किया गया था। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के जरिए पेपर लीक किया गया था और एक दिन पहले ही पेपर के लिए कीमत मांगी जाने लगी थी।

### प्रश्नपत्र के स्क्रीनशॉट और कई लिंक

एक मीडिया चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक टेलीग्राम पर प्रश्नपत्र के स्क्रीनशॉट और कई लिंक पोस्ट किए जा रहे थे। बाद में शिक्षा मंत्रालय ने जब उनको पेपर से मैच कराया तो यह सेम निकला। 14 C के अधिकारियों से हवाले से इस रिपोर्ट में बताया गया कि यूजीसी नेट के क्वेश्चन पेपर टेलीग्राम पर 5 हजार रुपये में बेचे जा रहे थे। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अधिकारियों को एक अन्य ग्रुप के बारे में पता चला था जिस पर 10 हजार रुपये में प्रश्न पत्र को बेचा जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि परीक्षा के एक दिन पहले ही कई ग्रुप पर पेपर उपलब्ध था।

### डार्क वेब के जरिए जुटाए गए ये पेपर!

सूत्रों का कहना है कि टेलिग्राम ही पेपर लीक के एपिसेंटर बनकर सामने आया है। शिक्षा मंत्रालय को कई ऐसे लिंक दिए गए थे जिनपर पेपर बेचे जा रहे थे। हालांकि इस बात का अब तक पता नहीं चला है कि टेलिग्राम ग्रुप वालों को पेपर कहां से मिले। आशंका है कि डार्क वेब के जरिए ये पेपर जुटाए गए। सोशल मीडिया ऐप पर नेट के पेपर के बारे में जानकारी भेजी जा रही थी। जब इसके बारे में पता चला तो इसे शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की जानकारियां उनके पास अक्सर आती रहती हैं और वे संबंधित संस्थान या एजेंसी को इसकी जानकारी देते हैं। हमारी टीम को इसकी भी जानकारी मिली थी कि नेट का पेपर बेचा जा रहा है।

# 'निकोबार ने नहीं दिए वोट, अब तुम्हारे दिन अच्छे नहीं रहेंगे'

एजेंसी ▶▶| पोर्ट ब्लेयर

हाल ही में बिहार के सीतामढ़ी से जनता दल (यूनाइटेड) के नव निर्वाचित सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने 'मुस्लिम और यादव समुदाय' के लिए काम न करने की चेतावनी देते हुए विवाद खड़ा कर दिया था। अब ऐसा ही मामला अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से सामने आया है। अंडमान और निकोबार के नवनिर्वाचित भाजपा सांसद बिष्णु पद राय ने मतदाताओं को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। सोशल मीडिया पर उनका जनसभा को संबोधित करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है, जो चुनाव नतीजों के बाद 5 जून का है। इन आरोपों को लेकर भाजपा सांसद की ओर से अभी तक कोई सफाई नहीं आई है।

### भाजपा सांसद ने वोट न देने वालों को दी धमकी




### यह कहा सांसद ने

एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा सांसद कहते हैं, "जनता का काम पूरा का पूरा होगा। लेकिन जिन लोगों ने हमें वोट नहीं दिया, उनका क्या होगा, सोच लें... सोच लेना.. निकोबार द्वीप समूह ने मुझे वोट नहीं दिया। कार निकोबार, तुम्हारा क्या होगा सोच लेना... निकोबार के नाम पर तुम पैसे लोगे, शराब पिओगे, लेकिन वोट नहीं दोगे। संभल के रहो, संभल के रहो, संभल के रहो। मुझे वादा किया था वोट देंगे, लेकिन नहीं दिया। अब तुम्हारे दिन खराब होंगे...तुम अब अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को मूर्ख नहीं बना पाओगे। तुम्हारे दिन अब अच्छे नहीं होंगे। अभी तुम्हारा क्या-क्या होगा सोच लो।"

## मुस्लिम बहुल देश ताजिकिस्तान में हिजाब और बुर्का पहनने पर लगा बैन

**नई दिल्ली।** मध्य एशिया का मुस्लिम बहुल देश ताजिकिस्तान की संसद ने हिजाब और बुर्का जैसे इस्लामिक पहनावे पर प्रतिबंध लगाने का विवादित कानून पारित कर दिया है। अब वहां की सरकार इस कानून को लागू करने जा रही है। इससे वहां खलबली मचने की आशंका है। सोवियत संघ से अलग हुआ ताजिकिस्तान मुस्लिम बहुल आबादी वाला देश है और इसकी सीमा तालिबान शासित अफगानिस्तान से मिलती है। ऐसे में इस बात की आशंका ज्यादा है कि वहां हिजाब और बुर्का पहनने पर पाबंदी लगाए जाने से विवाद बढ़ सकता है क्योंकि पड़ोसी अफगानिस्तान में बुर्का पहनना अनिवार्य है।

### नियम उल्लंघन पर लगेगा तगड़ा जुर्माना

नए नियमों का उल्लंघन करने पर लोगों पर भारी भरकम जुर्माना लगाने का भी प्रावधान किया गया है। विधेयक के प्रावधान के मुताबिक व्यक्तियों पर 7,920 सोमोनी तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, जबकि कंपनियों पर 39,500 सोमोनी तक का जुर्माना लगाया




**मद्रास हाईकोर्ट का अहम फैसला**

**मौत के बाद भी दत्तक-मां बाप की संपत्ति पर नहीं कर सकते दावा**

# गोद लिए हुए बच्चे के जैविक रिश्तेदार संपत्ति के अधिकारी नहीं

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



मद्रास हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा है कि किसी गोद लिए हुए बच्चे के जैविक माता-पिता या अन्य रिश्तेदार उसके दत्तक परिवार से मिली संपत्ति के अधिकारी नहीं हो सकते हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि हिंदू अडॉप्टेशन ऐंड मेंटिनेंस ऐक्ट 1956 के तहत दत्तक परिवार की संपत्ति पर दावा नहीं किया जा सकता। 5 जून को दिए गए आदेश में जस्टिस जीके इलांथिराइयान ने कहा था कि धारा 12 में स्पष्ट किया गया है कि जब किसी को गोद ले लिया जाता है तो उसके जन्म देने वाले परिवार से संबंध खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा था, गोद लिए गए बच्चे की मौत के बाद भी उसके रिश्तेदार उसके दत्तक-मां बाप की संपत्ति पर दावा नहीं कर सकते। हाई कोर्ट ने कहा, गोद लेने की तारीख पर ही उसके संबंध अपने जैविक परिवार से खत हो गए थे। वहीं वे सारे अधिकार दत्तक परिवार को मिल गए।

### ये है मामला

दरअसल कोर्ट वी साक्थिवेल की एक रिट पिटिशन पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में कहा गया था उन्हें अपने चचेरे भाई से रिलेशन का सर्टिफिकेट दिया जाए ताकि वह उनकी संपत्ति पर दावा कर सकें। चचेरे भाई की मौत 2020 में हो गई थी। वहीं सेक्थिवेल ने चचेरे भाई के जाविक परिवार के दावे को चुनौती भी दी थी। सेक्थिवेल के मुताबिक उनके दादा-दादी के दो बेटे थे। एक का नाम रामासामी और दूसरे का नाम वारनावासी था। इसके अलावा उनकी एक बेटी थी जिनका नाम लक्ष्मी था। सेक्थिवेल वारनावासी के बेटे हैं। वहीं रामासामी और उनकी पत्नी का कोई बच्चा नहीं था। 1999 में उन्होंने कोट्टारावेल नाम के एक लड़के को गोद ले लिया। थोड़े दिनों के बाद रामासामी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। कुछ साल बाद ही 2020 में कोट्टारवेल की भी मौत हो गई। सक्थिवेल के दो और चचेरे भाई हैं। वहीं उनकी बुआ लक्ष्मी की एक बेटी है। कोट्टारवेल की प्रॉपर्टी पर दावा करने के लिए वे सभी कोर्ट पहुंचे थे। वहीं कोट्टारवेल के जैविक रिश्तेदारों ने भी दावा कर दिया। वहीं कोर्ट ने कहा कि गोद लिए गए कोट्टारवेल के जैविक परिवार से सारे संबंध उसी वक्त खत्म हो गए थे जब उन्हें गोद लिया गया था।

रायपुर, शनिवार 22 जून 2024 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा | वर्ष : 22, अंक : 334 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## बस्तर में पांच दिन पहले रायपुर में चार दिन लेट से पहुंचा मानसून

# कहीं चुपके से तो कहीं झमाझम के साथ मानसून आया, सरगुजा छोड़ सभी संभागों में छाया

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आखिरकार मानसून सरगुजा संभाग को छोड़कर राज्य के सभी संभागों में पहुंच गया। कहीं चुपके से तो कहीं झमाझम बारिश के साथ मानसूनी बादलों ने प्रवेश किया। सरगुजा में भी इसके जल्दी ही प्रभावी होने की संभावना है। मानसून प्रवेश के साथ ही कई इलाकों में पिछले चौबीस घंटे से वर्षा का व्यापक दौर जारी रहा। खरोरा में सर्वाधिक 10 सेमी. तक बारिश दर्ज की गई है।

इस बार मानसून बस्तर में अपने सामान्य तिथि से पांच दिन पहले सुकमा तक पहुंच गया था मगर रायपुर आने में यह सामान्य तारीख से चार दिन लेट रहा अभी सरगुजा में इसके ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बारिश के आसार

*मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले चौबीस घंटे में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं, लेकिन रविवार के बाद हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से इसकी गतिविधियों में थोड़ी कमी आएगी। 25 जून तक ऐसे ही हालात रह सकते हैं।*



पिछले चौबीस घंटे से वर्षा का व्यापक दौर खरोरा में 10 सेमी. बारिश

### परिस्थितियां अनुकूल

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मण्डला, पेण्ड्रारोड, झारसुगड़ा, बालासोर, हल्दिया, पकुर, साहिबगंज, और रक्सौल है। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। इसके साथ एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका राजस्थान से मणिपुर तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बिहार और उससे लगे पूर्वी उत्तर प्रदेश, दूसरा उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित हैं।

## झारखंड समेत 6 राज्यों में होगी झमाझम बारिश

*नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून 10 दिन थमे रहने के बाद शुक्रवार 21 जून को एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून महाराष्ट्र-विदर्भ के हिस्सों, छत्तीसगढ़, ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया की देश में जल्द मानसून संक्रिय होगा।*

### मानसून
### कहां पहुंचा कहां अटका

*दक्षिण-पश्चिम मानसून निकोबार में 19 मई को पहुंच गया था। केरल में इस बार दो दिन पहले, यानी 30 मई को, ही मानसून पहुंच गया था और कई राज्यों को कवर भी कर गया।*

inh — छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें — TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### T20 world cup स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश 140/8 VS आस्ट्रेलिया 100/2
28 रन से जीता आस्ट्रेलिया (डीएलएस)
3 विकेट : पैट कमिंस
प्लेयर ऑफ द मैच

द.अफ्रीका 163/6 VS इंग्लैंड 156/6
7 रन से जीता द.अफ्रीका
65 रन : क्विंटन डिकॉक
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**
अमेरिका VS वेस्टइंडीज
सुबह : 6 बजे
भारत VS बांग्लादेश
समय : रात 8 बजे

## शराब घोटाला : केजरीवाल की जमानत के खिलाफ हाईकोट पहुंची ईडी

# ईडी ने कहा- हमारे पास 45 करोड़ की हेराफेरी के सबूत, हाईकोर्ट ने केजरीवाल को जेल में रोका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*दिल्ली शराब घोटाले मामले में हाईकोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर रोक बरकरार रखी है। कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब दिल्ली के सीएम तिहाड़ जेल से फिलहाल अगली सुनवाई तक रिहा नहीं हो पाएंगे। गौरतलब है कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने कल केजरीवाल को दिल्ली शराब घोटाले में नियमित जमानत दी थी। इस फैसले के खिलाफ ईडी ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी।*

ईडी ने अपनी दलील में कहा कि उसके पास 43 करोड़ के लेनदेन के सबूत हैं। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत नहीं दी। बता दें कि सीएम केजरीवाल को ईडी ने शराब घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी बनाया था। गुरुवार को ट्रायल कोर्ट में वैकेशन जज न्याय बिंदु ने दोनों पक्षों की दलील सुनते हुए सीएम केजरीवाल को जमानत दी थी और यह भी कहा था कि वह 1 लाख के मुचलके पर जमानत पर रिहा हो सकते हैं, लेकिन शुक्रवार को सुबह ही ईडी ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी।

हाईकोर्ट में मामला जाते ही कोर्ट ने सबसे पहले केजरीवाल की जमानत पर स्टे लगा दिया और फिर दिनभर जो बहस चली उसके आधार पर शुक्रवार शाम को भी स्टे ऑर्डर पर फैसला सुरक्षित रखा है। इस फैसले का असर ये होगा की सीएम केजरीवाल को अभी तिहाड़ से रिहाई नहीं मिल रही है कोर्ट अब इस विषय पर विस्तृत सुनवाई करेगी और फिर जमानत मिलने और न मिलने पर फैसला होगा। हाईकोर्ट ने अभी स्टे ऑर्डर बरकरार रखा है। ट्रायल कोर्ट के आदेश पर एक हफ्ते तक की रोक लगाई गई है।

ईडी ने अरविंद केजरीवाल की जमानत के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी जिस पर सुनवाई हुई

जस्टिस सुधीर कुमार जैन और रविंदर डुडेजा की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई की




### 2-3 दिन में आएगा हाईकोर्ट का फैसला

हाई कोर्ट के जस्टिस सुधीर कुमार जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा की पीठ ने कहा कि वो अगले कुछ दिन में फैसला देंगे। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमानत के आदेश के खिलाफ अपील की है। हाई कोर्ट ने कहा फिलहाल जमानत आर्डर के अमल पर रोक रहेगा। हाई कोर्ट आदेश पारित करेगा। अगले 2-3 दिन में जारी हो आदेश।

### ईडी ने कहा- हमारा पक्ष नहीं सुना जमानत से पहले

एएसजी राजू ने दलील देते हुए कहा, 'निचली कोर्ट का आदेश चौंकाने वाला है हमारे पास शराब नीति मामले में उस आदमी का बयान है जिसने कहा है कि हमने 100 करोड रुपए दिए हैं लेकिन कोर्ट यह कह रही है यह प्रोसीड ऑफ क्राइम नही है। ईडी ने केजरीवाल की याचिका का जमकर विरोध करते हुए हाईकोर्ट में दलील दी थी कि उन्हें निचली अदालत में अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया।

### हमने 45 करोड़ का पता लगा लिया

एएसजी एसवी राजू ने कहा कि यह कैसा आदेश है? इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है. गवाहों के बयान में खुलासा हुआ है कि केजरीवाल ने कहा कि मुझे 100 करोड़ रुपये दो। यह अपराध की आय ही है। हमने 45 करोड़ का पता लगा लिया है। हमने दिखाया है कि गोवा चुनाव में पैसे का इस्तेमाल कैसे किया गया। फिर भी अदालत कहती है कि ईडी के पास दिखाने के लिए ठोस सबूत नहीं हैं। जमानत के आदेश को इसी आधार पर खारिज किया जा सकता है।

### ऐसा लग रहा जैसे केजरीवाल आतंकी हों : कोर्ट

*सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय को जमकर सुना भी दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा लग रहा हो जैसे अरविंद केजरीवाल आतंकी हों। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने जमानत के फैसले में कई सवाल पूछे हैं। कई बातों को ईडी साबित नहीं कर पाई है। हालांकि, ईडी ने कहा कि वो पूरे सबूत जुटाने के लिए और वक्त चाहते हैं। पूरी सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।*

### आप ने साधा था केंद्र पर निशाना

*उधर, ईडी की हाई कोर्ट में याचिका पर आम आदमी पार्टी (आप) ने जमकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। दिल्ली सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा था कि देश में तानाशाही चल रही है। उन्होंने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि हाई कोर्ट न्याय करेगा। लेकिन फिलहाल अगले कुछ दिन केजरीवाल की रिहाई रुक गई है।*

## नदी में 54 मवेशियों के शव मिलने से सिवनी में तनाव चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी

मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में 54 मवेशियों के शव मिले हैं। इनमें से कुछ के गले कटे मिले। कुछ के अन्य अंग कटे मिले। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। संदेह के आधार पर 4 आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक समाज में द्वेष पैदा करने के मकसद से किसी ने इनकी हत्या की है। इधर, इस घटना को लेकर ▶▶|शेष पेज 4 पर

**बंद रहा सिवनी**

इस घटना के विरोध में हिन्दू संगठनों ने शुक्रवार को बंद का ऐलान किया था। आज सुबह से ही सिवनी जिले में बंद का व्यापक असर देखा गया। लोगों ने अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध दिखाया।

### एसपी बोले, ये साम्प्रदायिक तनाव फैलाने का षड्यंत्र

*पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह का कहना है कि किसी ने समाज में द्वेष पैदा करने के उद्देश्य से मवेशियों का गला रेतकर हत्या की है। यह समाज की फिजा को खराब करने का और साम्प्रदायिक तनाव फैलाने का षड्यंत्र है। पुलिस ने बताया कि 4 लोगों को हिरासत में लिया है।*

### कलेक्टर बोले, दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

सिवनी कलेक्टर क्षितिज सिंघल का कहना है कि पुलिस और पीठासीन के सभी विभाग इसमें जुटे हुए हैं और जांच कर रहे हैं। शीघ्र पता कर लिया जाएगा कि घटना के पीछे कौन है। उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस विधायक की पत्नी घर में मृत पाई गईं

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस विधायक एम सत्यम की पत्नी अपने आवास पर मृत मिली। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार रात परिवार के कुछ सदस्यों को रूपा देवी अपने घर पर फंदे से लटकी हुईं मिली। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि रूपा ने आत्मघाती कदम उठाया है।



### पानी की मांग के लिए आतिशी ने शुरू की हड़ताल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा से प्रतिदिन 100 मिलियन गैलन पानी छोड़े जाने की अपनी मांग को लेकर शुक्रवार को दक्षिण दिल्ली के भोगल इलाके में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। उनके साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और आप के अन्य नेता मौजूद हैं।

### रेप के बाद बच्ची की हत्या पथराव, 14 जवान घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जलगांव जिले के जामनेर में छह वर्षीय बच्ची के यौन उत्पीड़न और उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार एक व्यक्ति को सौंपे जाने की मांग कर रहे कुछ लोगों के एक समूह ने पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर पथराव किया जिसमें कम से कम 14 पुलिसकर्मी घायल हो गए।



### खंडवा में सुबह-सुबह कांपी धरती, आया भूकंप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के खंडवा में शुक्रवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। बता दे कि खंडवा में सुबह 9:04 पर रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए, जिसका हाइपरसेंटर 10 किमी गहराई पर था। धरती के कांपते ही लोग घरों से बाहर आ गए। हालांकि, भूकंप से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

## साय ने सरकार की साख को दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने शराब के कारोबार से बिचौलियों को बाहर करने का निर्णय लेने के साथ ही ब्रेवरेज कार्पोरेशन की व्यवस्था को एक बार फिर बहाल कर दिया है। इस संबंध में पिछले दिनों मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट में निर्णय लिया गया था। खास बात ये है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ब्रेवरेज कार्पोरेशन की भूमिका को समाप्त कर एफएल 10 ए और बी लाइसेंस जारी करने की शुरुआत की गई थी। अब सरकार ने इसे पूरी तरह खत्म कर दिया है। जानकार सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय तत्कालीन जोगी सरकार ने ब्रेवरेज ▶▶|शेष पेज 4 पर



■ विष्णुदेव नहीं चाहते कि उन पर कोई सवाल उठे

### सीएम चाहते हैं स्वच्छ छवि

जानकार सूत्रों का कहना है कि शराब खरीदी संबंधी नीति बदलने के पीछे सरकार की मंशा ये है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की छवि स्वच्छ और साफ सुथरी रहे। दरअसल मुख्यमंत्री के पास आबकारी विभाग भी है। ऐसे में मुख्यमंत्री चाहते हैं कि शराब के मामले को लेकर किसी प्रकार का आक्षेप सामने न आए। लेकिन यह तभी संभव था जब शराब के कारोबार से बिचौलिए बाहर हो जाएं।

### पारदर्शिता स्वागत योग्य- देवजी

पूर्व विधायक एवं ब्रेवरेज कार्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष देवजी पटेल का कहना है कि साय सरकार के इस कदम से शराब के कारोबार में पारदर्शिता आएगी और सरकार को मिलने वाला राजस्व भी बढ़ेगा। एफएल 10 ए और बी लाइसेंस सिस्टम खत्म करना सरकार का स्वागत योग्य कदम है।

### लाइसेंसधारियों की मनमानी अब खत्म

*राज्य में एफएल 10 ए लायसेंसधारी अपने हिसाब से शराब कंपनियों से शराब खरीदकर मार्केटिंग कार्पोरेशन को सप्लाई करते थे। लेकिन इस पूरे सिस्टम में कहीं भी पारदर्शिता नहीं थी। ये लायसेंसधारी शराब निर्माता कंपनियों से कमीशन के आधार पर खरीदी करते थे। यही वजह थी कि जिन कंपनियों से शराब खरीदने में अधिक लाभ होता था, वही ब्रांड अधिक मात्रा में लिए जाते थे। इसके कारण शराबी के शौकीनों के कई पंसदीदा ब्रांड नहीं मिल पाते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। ब्रेवरेज कार्पोरेशन के माध्यम से साल भर के लिए रेट कांट्रेक्ट के आधार पर खरीदी होने से शराब की कीमतें स्थिर हो सकती है। ऐसा होने से सरकार को राजस्व भी अधिक मिलेगा। इसके साथ ही सभी तरह के ब्रांड भी शौकीनों के लिए उपलब्ध होंगे।*

## पूरक बंद, माशिम इस साल से ही लेगा 'दूसरी परीक्षा'
## 10वीं-12वीं के छात्र जून अंत तक दे सकेंगे अर्जी

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के छात्रों के लिए भी दो बार परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए माशिम द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके पूर्व इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति थी कि मंडल द्वारा दो बार परीक्षा संबंधित नियम सत्र 2023-24 के लिए भी लागू होंगे अथवा इसे 2024-25 ▶▶|शेष पेज 4 पर



### परीक्षा जुलाई के दूसरे पखवाड़े में

सूत्रों के अनुसार, माशिम की परीक्षाएं जुलाई के दूसरे पखवाड़े में संभावित है। आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के कुछ दिनों के अंतराल में समय-सारिणी घोषित कर दी जाएगी। चूंकि माशिम दो बार परीक्षाएं ले रहा है, ऐसे में अब पूरक परीक्षाएं आयोजित नहीं की जाएंगी।

### जो पहली परीक्षा में शामिल, वे ही पात्र

माशिम द्वारा आयोजित की जा रही इस दूसरी परीक्षा में बैठने के लिए वे ही छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने पहली बार हुई परीक्षा के लिए आवेदन किया था। पहली परीक्षा मार्च-अप्रैल में आयोजित की थी। इस परीक्षा में आवेदन नहीं करने वाले दूसरी परीक्षा के लिए भी पात्र नहीं होंगे। जो पहली परीक्षा में फेल हो गए थे अथवा पूरक श्रेणी में ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पवन कल्याण को चुनाव हराने की चुनौती दी

## चुनाव हारने के बाद शर्त की पूरी वायएसआरसीपी नेता ने बदला नाम

एजेंसी ▶▶| अमरावती

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वायएसआरसीपी) के वरिष्ठ नेता ने चुनाव के बाद अपना नाम बदल लिया है। दरअसल, वायएसआरसीपी नेता ने राज्य में हुए विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने जनसेना प्रमुख पवन कल्याण को हराने का दावा किया था। उन्होंने कहा था कि अगर वो ऐसा नहीं कर सके तो अपना नाम बदल लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी ने मुझे अपना नाम बदलने के लिए मजबूर नहीं किया।



### सम्राट अयोध्या में उतारेंगे पगड़ी, मुंडन भी करवाएंगे

**पटना।** भाजपा नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी पगड़ी उतराने की घोषणा कर दी है। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार को पद से हटाकर एनडीए में शामिल कराने का प्रण लिया था, हालांकि लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने एनडीए के साथ ही चुनाव लड़ा।

### गोंदिया और कलमना शिफ्ट करने की तैयारी

# डोंगरगढ़ से शिफ्ट होगी रेलवे लॉबी!

हरिभूमि सरोकार

सचिन अग्रहरि ▶▶| राजनांदगांव

आजादी के बाद से डोंगरगढ़ में स्थापित रेलवे की लाबी को एक बार फिर गोंदिया और कलमना शिफ्ट करने की तैयारियां शुरू हो गयी है। पिछले अप्रैल माह में दिल्ली में आयोजित रेलवे बोर्ड की बैठक में इस आशय का निर्णय लिए जाने के बाद यहां निवासरत करीब छह सौ रेल्वे कर्मियों पर संकट के बादल गहरा गए है वहीं डोंगरगढ़ के व्यापार के बेहद प्रभावित होने के आसार भी दिखाई दे रहे है। उल्लेखनीय है कि सन 1950 से डोंगरगढ़ को रेलवे के एक बड़े सेंटर ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ छह सौ कर्मियों पर गहराया संकट



### अफसरों के इशारे पर खेल

रेलवे के कुछ अफसरों द्वारा डोंगरगढ़ से रेलवे की लाबी को खत्म करने की लगातार साजिश की जा रही है। पिछले दिनों सांसद संतोष पांडे ने रेल्वे मंत्री से बातचीत कर इस लाबी को डोंगरगढ़ में स्थापित करने संबंधी चर्चा की थी। यदि रेलवे के अफसरों द्वारा यह मनमानी की गई तो कड़ा विरोध होगा।

**- तरुण हथेल,** पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका

### कई साल से चल रही कोशिशें

डोंगरगढ़ से रेलवे की लाबी को हटाने के लिए पिछले कुछ सालों से रेलवे के अधिकारियों द्वारा प्रयास किया जा रहा है। पिछले छह माह पहले भी इस तरह की कवायद शुरू हुई थी। जब डोंगरगढ़ के व्यापारियों ने इसका विरोध किया तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ लेकिन अब रेलवे बोर्ड की बैठक में निर्णय लिए जाने से एक बार फिर इस सौगात के छिने जाने के हालात निर्मित हो गए है।

### तबादले के जरिए शिफ्टिंग की साजिश

रेलवे बोर्ड ने अपनी बैठक में यह निर्णय लिया है कि एसईसीआर को डोंगरगढ़ में सीमित स्टॉक रखना चाहिए। यहां केवल बैंकिंग उद्देश्य के लिए ही स्टाफ रखे जाएगें। गोंदिया और कलमना लाबी में स्टाफ को मजबूत करने से डोंगरगढ़ लाबी की ताकत धीरे धीरे कम होगी। यहीं कारण है कि पिछले एक साल से यहां से कई अधिकारियों और कर्मचारियों का थोक में नागपुर, कलमना और गोंदिया में तबादला किया जा रहा है।

## चिंतन

# कश्मीर से योग कर पीएम का विश्व को शांति के संदेश

आज पूरी दुनिया योगमय हुई। विश्व ने 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इन दस वर्षों में दुनिया में योग की स्वीकार्यता बढ़ी, लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ी, योग के अनेक रूपों का विस्तार भी हुआ। जो योग पहले भारत तक सीमित था, उसमें भी कुछेक संपन्न लोगों तक था, आज यह वैश्विक है, आम लोगों के बीच भी लोकप्रिय है। भारत की पहल पर ही संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। कोरोना महामारी के बाद लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी, इसके बाद लोगों के खानपान की आदतें बदलीं, लोग योग व व्यायाम के प्रति आकर्षित हुए। आज योग के जरिये विश्व में करोड़ों लोग रोजगार भी पा रहे हैं और लाभान्वित भी हो रहे हैं। बड़ी बात है कि इस्लामिक देशों ने भी योग को खुले दिल से अपनाया है। भारत में देश भर में हजारों कार्यक्रम योग के हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में योग दिवस मनाकर कर आतंकवादियों और आतंकपरस्तों को खुला संदेश दिया है। अभी कुछ दिन पहले ही कश्मीर में एक के बाद एक चार आतंकी हमले हुए हैं। जिस दिन मोदी सरकार ने शपथ ली, उसी दिन आतंकवादियों ने कश्मीर में तीर्थयात्रियों से से भरे बस पर हमला किया। कश्मीर में कई आतंकी हमले के बाद से सरकार सख्त है और सुरक्षा कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं, ऑपरेशन क्लीन पहले से जारी है। प्रधानमंत्री ने कश्मीर में योग दिवस मनाकर सबको शांति का संदेश दिया, आतंक के डर पैदा करने के मंसूबे पर पानी फेरा। भारत आतंकवाद के खिलाफ चार दशक से जंग लड़ रहा है। अब आतंकवाद आखिरी सांसें गिन रहा है। योग दिवस पर प्रधानमंत्री दुनिया को संदेश भी दिया कि योग वैश्विक भलाई का एक शक्तिशाली माध्यम है। योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। अल्लाह, ईश्वर या गॉड को प्राप्त करने का, उससे साक्षात्कार करने का ये कार्यक्रम है, यह योग का एक ध्येय है। योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है, और जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। तुर्कमेनिस्तान, सऊदी अरब, मंगोलिया और जर्मनी में योग की प्राचीन विधाएं वहां तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और वहां लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। फ्रांस की 101 वर्षीय महिला शारलोट चोपिन अपने देश में योग को लोकप्रिय बना रही है। भारत सरकार ने उनको योग में उनकी सेवाओं के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया। योग के वैश्विक स्तर पर प्रसार से इसके बारे में धारणा में बदलाव आया है, क्योंकि इसके बारे में प्रामाणिक जानकारी हासिल करने के लिए बड़ी संख्या में लोग भारत की यात्रा कर रहे हैं। योग मानव जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' है। योग में जोड़ने की शक्ति है, खुद से, समाज से और ब्रह्मांड से। योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।



# पानी पर नहीं हो राजनीति

दिल्ली जल संकट
योगेश कुमार सोनी

दिल्ली सरकार जो किसी भी मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने में माहिर है,उसका कहना है कि हरियाणा सरकार हमें पानी नहीं दे रहा। बताया जा रहा है हिमाचल से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार नहीं दे रही, लेकिन इस बात को खारिज करते हुए हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी नहीं मिला। अभय ने कहा कि यदि हरियाणा को हिमाचल प्रदेश से पानी मिलता है, तो वह तुरंत उसे दिल्ली की ओर भेज देगा। आश्चर्य यह है कि इस मामले को लेकर केन्द्र कोई भी प्रतिक्रिया न देकर किसी भी प्रकार के समाधान पर बात नहीं कर रहा है। दिल्ली जल संकट पर केंद्र की चुप्पी खल रही है।

देश की राजधानी इस समय बड़े संकट से गुजर रही है। दिल्ली में पानी की कमी होने के कारण दिल्लीवासी बहुत परेशान हैं। ज़रूरत के हिसाब से लगभग 25 से 30 फीसदी पानी की उपलब्धता कम हो गई है। इसका असर यह हुआ है कि दिल्ली के झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके के अलावा पॉश कॉलोनियों में भी लोगों को पानी के लिए बाल्टी लेकर व्यवस्था करनी पड़ रही है। दिल्ली के सबसे पॉश एरिया लुटियन जोन में भी कई इलाकों को इस समय पानी के टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली का जल संकट वर्षा शुरू होने के बाद ही सुधरेगा। फिलहाल तेज गर्मी से अभी कई दिनों तक राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है और इस जल संकट को लेकर हाल ही में हुई मीटिंग में पड़ोसी राज्यों से जल उपलब्धता पर कोई सहमति नहीं बनी। दिल्ली पानी की आपूर्ति के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश पर निर्भर है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को पानी की अगाध आपूर्ति होती रही है। इस बार पानी की उपलब्धता में कमी राजनीतिक वजह से अधिक प्रतीत हो रही है, हालांकि हरियाणा खुद भी जल संकट का सामना कर रहा है।

इस आधार पर स्पष्ट है हो जाता है कि यह जल संकट कई दिनों तक बने रहने की संभावना है। हम इन सारी बातों से पूरी स्थिति से अवगत हो गए और जल संकट से रोज लड़ने को तैयार हैं, लेकिन इस मामले में केन्द्र व राज्य सरकार अपनी कितनी गंभीरता दिखा रही है यह स्थिति देखकर लग रहा है। हर रोज बहुत आसानी से मीडिया में बयान देकर एक-दूसरे पर आरोप लगाकर अपना-अपना बचाव कर रहे हैं। आम लोगों की मजबूरी कोई नही समझ रहा। पानी सर्वाधिक दैनिक जरूरत है, इसके बिना जिंदगी की कल्पना करना मुश्किल है। दिल्ली सरकार जो किसी भी मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने में माहिर है,उसका कहना है कि हरियाणा सरकार हमें पानी नहीं दे रहा। बताया जा रहा है हिमाचल से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार नहीं दे रही, लेकिन वहीं इस बात को खारिज करते हुए हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी नहीं मिला। अभय ने कहा कि यदि हरियाणा को हिमाचल प्रदेश से पानी मिलता है, तो वह तुरंत उसे दिल्ली की ओर भेज देगा। यह तो राज्यों की बीच की कहानी है लेकिन आश्चर्य यह है कि इस मामले को लेकर केन्द्र सरकार कोई भी प्रतिक्रिया न देकर किसी भी प्रकार के समाधान पर बात नहीं कर रही है। दिल्ली जलसंकट पर केंद्र की चुप्पी खल रही है, जैसा कि दिल्ली एक केन्द्रीय शासित राज्य है और इसलिए बहुत सारे मामलों में जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की बनती है तो,क्यों इसका समाधान नहीं निकाला जा रहा। जबकि जल शक्ति मंत्रालय केन्द्र के हाथ में हैं बावजूद इसके, आखिर दिल्ली की जनता को क्यों परेशान हो रही है। क्या अलग-अलग इंजन की सरकार होने की वजह से ऐसा किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी को यह भी समझना चाहिए कि हाल ही में दिल्ली में हुए लोकसभा चुनाव में जनता सातों सीटें उन्हें जिताई है। ऐसे में जनता के प्रति इन सांसदों कीिाि



जिम्मेदारी बनती है। जल संकट मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी राज्यों व केन्द्र सरकार के बीच कोई भी बैठक नहीं हुई। अंतरराज्यीय मामला होने के चलते केंद्र सरकार को देखना चाहिए कि किसी राज्य में संकट आने के बाद पड़ोसी राज्यों से कैसे आपूर्ति करा सकती है। किसी भी घटना से लगातार ग्रसित होने से जनता बागी हो जाती है और फिर समाज में संदेश गलत जाता है। यह वैसे भी देश की राजधानी है जहां देश के प्रधानमंत्री के अलावा देश के सभी बड़े-छोटे मंत्री रहते हैं। जहां एक ओर हम डिजिटल युग में होने की हुंकार भरते हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसी दुर्लभ तस्वीर देखकर असहनीय पीड़ा का एहसास होता है। क्या आज पानी जैसी बुनियादी चीज के लिए तरसते अच्छे लगते हैं।

पानी को लेकर हरियाणा में एक व्यक्ति की मौत हो गई तो वहीं दिल्ली में लोग एक बाल्टी पानी के लिए एक-दूसरे को जान से मारने पर उतारू हो जाते हैं। कई जगहों पर लडाई हुई जिसमें एक शख्स का सिर तक फट गया। इस मामले में हर किसी को अपना किरदार ईमानदारी से निभाना होगा। जैसा कि दिल्ली में जल संकट की स्थिति हर वर्ष ऐसी ही रहती है तो दिल्ली सरकरा को पहले से तैयारी या पड़ोसी राज्यों से बातचीत करनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली के जल संकट का सबसे बड़ा कारण यह है कि यहां पर पर्याप्त जल क्षेत्र नहीं है। कभी दिल्ली के कुल 1500 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में लगभग 18 वर्ग किलोमीटर इलाका जल क्षेत्र हुआ करता था। इसमें भी सबसे अधिक हिस्सा यमुना के बहाव क्षेत्र का हुआ करता था। एक जमाने में यह जल क्षेत्र लोगों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त हुआ करता था। लेकिन कई लोगों ने यमुना के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण कर घर बनाना शुरू कर दिया और यह अब थोड़े बहुत नहीं बहुत अधिक बन गए और हर रोज वहां कब्जा होता जा रहा है, जिसको लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही।

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई थी। इस दौरान दिल्ली की यमुना खादर मे रह रहे लोगों को बाहर आना पड़ा और जब यह बाहर आए तो प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए थे चूंकि उनको बिल्कुल भी अंदाजा नही था कि इतने लोग यमुना खादर में इतने लोग रहे थे। जब उन लोगों को बाहर निकाल कर सड़कों के किनारे शिफ्ट किया गया तो ऐसा लगा कि कोई कॉलोनी बस गई हो। अब समझिए कि यहां दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से शेष जल क्षेत्र भी अतिक्रमण का शिकार हुए जिससे जल क्षेत्र सिकुड़ गया। इसका यह असर हुआ है कि दिल्ली का भूगर्भीय जल स्तर भी बहुत कम हो गया है। जब पानी एकत्रित होने की जगह मनुष्य ले लेंगे तो सृष्टि का नष्ट होना व मानव जीवन पर प्रहार होना तय है। दरअसल यहां सारा खेल वोट बैंक का है। राज्य सरकार इनके आधार कार्ड व वोटर आईडी बना देती है और समय आने पर उनके मत का प्रयोग करती है। जबकि जो लोग यहां आकर बसे हैं उनका इतिहास किसी को स्पष्ट नहीं पता। कोई कहता है यह काम की खोज में बाहरी राज्यों से आ लोग हैं तो कोई इनके विषय में अन्य अलग-अलग कारण बताता है लेकिन कारण कोई भी हो यहां रह रहे लोगों ने अपनी पूरी कॉलोनी सी बना ली जो बेहद रिस्की भी है, चूंकि यदि अचानक यहां पानी आ जाए तो कई लोगों की जान जा सकती है चूंकि बाढ़ के समय पर यहां फंसे लोगों को निकाला था तो इस बात का एहसास हुआ था। बहरहाल,दिल्ली की हाल की स्थिति के लिए सभी को राजनीति छोड़कर जनता के लिए पानी की व्यवस्था करनी होगी चूंकि अब पानी कम होने की वजह से पानी सर के ऊपर जा रहा है। राजनीति करने के लिए तमाम मुद्दे हैं लेकिन पानी जैसे बुनियादी चीज के लिए जनता तरसे तो यह सभी राजनीतिक दलों के लिए बेहद बेशर्मी की बात है चूंकि जल मानव जीवन का पर्यायवाची है और इंसान इसके बिना जिंदा नहीं रह सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कबीर जयंती

डॉ. अशोक कुमार भार्गव



# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की, वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई। संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफ़गान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में



कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्यचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की। माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने 'जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई' कहकर समाज को एक नई दिशा दी।

कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नहीं था। कबीर के निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी।

(लेखक मोटिवेशनल स्पीकर, स्वतंत्र लेखक एवं पूर्व आईएएस हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित

**दर्शन**

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

## भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

**प्रेरणा**

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*- पवन साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### प्रभावित किया



श्रीनगर में मुझे जम्मू-कश्मीर के प्रतिभाशाली युवाओं से मिलने का अवसर मिला, जो स्टार्टअप में अग्रणी काम कर रहे हैं। उनसे बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। उनमें राष्ट्र और समाज के उत्थान की भावना ने मुझे बहुत प्रभावित किया। युवा पीढ़ी का भविष्य उज्जवल है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### योग एक विज्ञान



योग एक विज्ञान है, और यदि आप चाहें तो एक कला रूप है जिसके साथ आप अपनी व्यक्तिगत प्रकृति को उसकी अंतिम संभावना तक प्रकट कर सकते हैं और एक सचेतन ग्रह का निर्माण भी कर सकते हैं। योग में बहुत शक्ति है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### एकदम सही वक्त



दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब ब्रिज को पार करने वाली पहली ट्रेन। चूंकि यह योग दिवस है, यह यह दर्शाने के लिए एकदम सही वक्त है कि हमारा बुनियादी ढांचा जितना संभव हो सके आसमान की ओर बढ़ रहा है।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### अपराधियों के हौसले बुलंद



आपके योगा मैट की शक्ति आपकी सोच से कहीं अधिक है। इसे एक दिन, एक समय लो। यह केवल अभ्यास से ही बेहतर होता जाता है। झुकते रहें ताकि आप टूटें नहीं। फलदार पेड़ हमेशा झुके होते हैं।

-निकिता दत्ता, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# बेटे की शादी के लिए बिचौलिये भंडारी को मिली छूट



**लंदन।** कर चोरी और धन शोधन के आरोपों में भारत प्रत्यर्पित किए जाने से संबंधित मुकदमे का सामना कर रहे रक्षा क्षेत्र के बिचौलिये संजय भंडारी की जमानत शर्तों में शुक्रवार को ढील दी गई, ताकि वह अपने बेटे की शादी में शामिल हो सके। यह शादी दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के एक होटल में होगी। भंडारी (62) ने इस वर्ष के प्रारंभ में लंदन के उच्च न्यायालय में अपने प्रत्यर्पण आदेश के विरुद्ध अपील करने की अनुमति प्राप्त की थी। उसने अपने वकीलों के माध्यम से शहर के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट न्यायालय में आवेदन कर कहा था कि उसे 7 से 11 जुलाई के बीच लंदन में एक होटल में रहने की अनुमति दी जाए। प्रत्यर्पण कार्यवाही में भारतीय प्राधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली 'क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस' (सीपीएस) के साथ हुए समझौते के तहत, प्रत्यर्पण अपील जारी रहने तक भंडारी की जमानत शर्तों में कुछ बदलाव किए गए हैं। न्यायाधीश ब्रियोनी क्लार्क ने का, "7 से 11 जुलाई के बीच जमानत में ढील दी जाएगी।"नवंबर 2022 में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले के बाद पिछले साल ब्रिटेन की तत्कालीन विदेश मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने भारत में कानूनी कार्यवाही का सामना करने के लिए भंडारी के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था।

## ऑफ बीट

# कंगारू के दांत हमेशा बढ़ते हैं उनकी उम्र-लिंग का रिकॉर्ड रखते



**मेलबर्न।** (द कन्वरसेशन) आप किसी जंगली जानवर की उम्र का पता कैसे लगाते हैं? कुछ ऑस्ट्रेलियाई मार्सुपियल्स के लिए, हमने पता लगाया है कि आप उनके दांतों से उनकी उम्र बता सकते हैं। विलियम पार्कर और एलिस्टेयर इवांस, मोनाश विश्वविद्यालय में शोध किया गया है। यहां के शोधकर्ताओं ने कहा, आर्काइव्स ऑफ ओरल बायोलॉजी में प्रकाशित एक नए पेपर में, हम दिखाते हैं कि कंगारुओं के सामने के दांत कई अलग-अलग तरीकों से उनकी उम्र दर्ज करते हैं - और वे हमें यह भी बता सकते हैं कि कंगारू नर है या मादा। किसी जंगली जानवर की उम्र का पता लगाना पशु चिकित्सकों, पारिस्थितिकीविदों और संरक्षणवादियों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। वन्यजीव कल्याण और आबादी के समग्र स्वास्थ्य का आकलन दोनों ही जानवरों की उम्र जानने पर निर्भर करते हैं। चूंकि कोई भी जन्मदिन नहीं गिनता, इसलिए वैज्ञानिक अक्सर जंगली जानवरों के दांतों की मदद से यह पता लगाते हैं कि उनकी उम्र कितनी है। ऑस्ट्रेलिया के अधिकांश मार्सुपियल्स डिप्रोटोडोंटिया नामक समूह के सदस्य हैं। यह नाम उन जानवरों को संदर्भित करता है जिनके निचले जबड़े में बड़े, सीधे कुतरने वाले दांत होते हैं। कंगारू, वालबीज़, कोआला, वॉम्बैट और पोसम सभी डिप्रोटोडोंटियन मार्सुपियल्स हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
खुशियां अनलॉक करें
ड्रीम सीरिज
के साथ
आज ही अपना सपना साकार करें।
कोई भी ड्रीम सीरीज एडीसन खरीदें @ ₹4.99L* में
ऑफर स्टॉक रहने तक
ज़्यादा सुरक्षा
रिवर्स पार्किंग कैमरा डिस्प्ले के साथ
डुअल एयरबैग्स
सिक्योरिटी सिस्टम
+10 अन्य सेफ्टी फीचर्स
ज़्यादा एंटरटेनमेंट
इन्फोटेनमेंट सिस्टम
स्पीकर
+10 अन्य एक्सेसरीज
अधिक जानने के लिए स्कैन करें
S-PRESSO CELERIO ALTO K10
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA :7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: CALL: 8319900585. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: CALL: 8224949998. CHARODA: CALL: 9644824911. DURG: CALL: 6202384986. DONGARGARH: CALL: 9827643832. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. BHILAI: CALL: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH: CALL: 9827643832.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
*Terms and conditions apply. Offer valid for select models/ variants and in select states only. Accessories and features shown may not be part of standard equipment and may vary from variant to variant. Images used are for illustration purpose only. Appearance of black shade on glass is due to lighting effect. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw the offers at any point in time without any advance notice.

## जैकेट के शेष

### धरती से आसमां तक...

अंगों के जवानों ने धरती से समुद्र और आकाश तक में योग किया। इस साल योग दिवस की थीम 'योग फॉर सेल्फ एंड सोसायटी' रखी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने योग किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में डल झील के निकट शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग से हमें शक्ति मिलती है। मोदी ने कहा कि भारत से निकली योग की अलख अब पूरे विश्व में फैल चुकी है। राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी ने 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व समुदाय, विशेषकर भारत के सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं।

### नीट में डॉन रवि...

इधर, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर पेपर लीक मामले में उनके पीएस का नाम सामने आ रहा है तो उससे पूछताछ की जाए। हालांकि, परीक्षा बोर्ड अभी तक पेपर लीक की बात से इनकार कर रहा है। नीट पेपर लीक के मामले में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों व छात्रों ने देशभर में प्रदर्शन किया। बता दें कि नीट पेपर लीक का मुख्य आरोपी रवि अत्री मूल रूप से नोएडा के लिम्का गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ पहले ही कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने के केस दर्ज हैं। आरोपी एमबीबीएस का ड्रॉप आउट स्टूडेंट है। रवि के खिलाफ यूपी पुलिस कांस्टेबल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्टेनो परीक्षा और 2012 में नीट पीजी का पेपर लीक करने के मामले दर्ज हैं। रवि अत्री 2007 में मेडिकल की पढ़ाई के लिए राजस्थान के कोटा गया था। यहीं से वह सॉल्वर गैंग के संपर्क में आया और अपराध की दुनिया में सक्रिय हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक पटना और नालंदा की सीमा से नीट का पेपर लीक होने के सबूत ईओयू को मिले हैं। बताया जा रहा है कि परीक्षा से एक दिन पहले ही सॉल्वर गैंग को नीट का पेपर मिल गया था। पटना के एक स्कूल और हॉस्टल में नीट अभ्यर्थियों को जमा कर उनसे प्रश्न पत्र रटवाया गया। रांची के भी एक कॉलेज में छात्रों से पेपर हल करवाने की जानकारी सामने आई है।

**एमबीबीएस का स्टूडेंट रहा रवि अत्री :** रवि अत्री ग्रेटर नोएडा के लिम्का गांव का रहने वाला है। वह 2007 में मेडिकल की तैयारी करने कोटा गया था, लेकिन वहां सॉल्वर गैंग के संपर्क में आ गया। 2012 में उसने हरियाणा का प्री मेडिकल टेस्ट पास किया था और एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए रोहतक के पीजीआई में एडमिशन लिया। हालांकि, उसने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। रवि अत्री पहले भी मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम का पेपर लीक करा चुका है।

**रवि अत्री के दो गुर्गे अभी भी फरार :** पटना और नालंदा बॉर्डर से पेपर लीक कराया गया था। उसके बिहार में दो गुर्गे हैं, इनका नाम अतुल वत्स और संजीव मुखिया है। अतुल मूलरूप से जहानाबाद जिले का रहने वाला है, वो फरार है। संजीव मुखिया नालंदा का रहने वाला है, वह भी फरार है।

**संजीव मुखिया का बेटा फिलहाल जेल में :** नालंदा के रहने वाले संजीव मुखिया की ईओयू को तलाश है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह बीते 14 साल से सभी परीक्षाओं के पेपर आउट करने का काम कर रहा था।

**नालंदा में तकनीकी सहायक है संजीव :** संजीव मुखिया नालंदा उद्यान महाविद्यालय में तकनीकी सहायक के तौर पर कार्यरत है। 2016 में उत्तराखंड पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। पेपर लीक का आरोप लगने से पहले वह सबौर कृषि महाविद्यालय में कार्यरत था।

### बिलासपुर में ऐसा...

इस पर हाईकोर्ट ने जबाव देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। निराला नगर बिलासपुर निवासी छात्रा 5 मई 2024 को आयोजित नीट परीक्षा में शामिल हुई। परिणाम घोषित होने पर उसने कम अंक मिलने पर ओएमआर शीट निकलवाई। इसमें छात्रा के एक सही प्रश्न का अंक नहीं दिया गया, वहीं दो प्रश्न पर माइनस मार्क दिया गया। छात्रा की ओर से हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई है।

**नंबर काट तो लिए लेकिन दिया नहीं :** शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि प्रश्न क्रमांक 24, 34 व 116 में माइनस मार्क है वहीं प्रश्न क्रमांक 141 को कम्प्यूटर ने रीड नहीं किया है। शासन के जवाब पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उक्त प्रश्न का सही जवाब दिया गया है। उसमें नंबर दिए जाने पर छात्रा का अंक बढ़ जाएगा। कोर्ट ने कम्प्यूटर द्वारा प्रश्न को रीड नहीं करने के जवाब को गंभीरता से लिया है। जवाब के लिए समय देते हुए मामले को दो सप्ताह बाद निर्धारित किया गया है।

### 50 हजार की रिश्वत...

महकमें में भी हड़कंप मच गया है। एसीबी सरगुजा से मिल रही जानकारी के अनुसार उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम जजगा निवासी कन्हाई राम बंजारा ने एसीबी से शिकायत की थी कि ग्राम जजगा स्थित भूमि खसरा नंबर 69/31, 70/1 एवं 1004/8 में रकबा क्रमशः 0.251, 0.635 एवं 0.243 हेक्टेयर जमीन उसके तथा परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर दर्ज है और कई वर्षों से वे लोग जमीन पर मकान बनाकर काबिज है। इस बीच कन्हाई राम बंजारा के बड़े पिता द्वारा जमीन पर केवल अपना नाम दर्ज कराने के लिए तहसील में आवेदन दिया गया था जिसपर कन्हाई राम ने भी आपत्ति दर्ज कराई थी। आपत्ति के बाद तत्कालीन उदयपुर तहसीलदार द्वारा प्रार्थी के बड़े पिता, उसके व अन्य परिजन के नाम पर राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने का आदेश 21 सितंबर 2022 को दिया गया था। उक्त आदेश के बाद कन्हाई राम के बड़े पिता द्वारा पुनः 9 नवम्बर 2022 को एसडीएम उदयपुर के पास तहसीलदार के आदेश के विरुद्ध अपील प्रस्तुत किया गया था जिसका प्रकरण वर्तमान में लंबित है। इसी प्रकरण में उसके व अन्य परिजन के पक्ष में आदेश पारित करने के एवज में एसडीएम बीआर खांडे द्वारा 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी लेकिन ग्रामीण रिश्वत नहीं देना चाहता था इस लिए उसने एसडीएम पर कार्रवाई के लिए शिकायत एसीबी को दी। शिकायत के बाद एसीबी अंबिकापुर कार्यालय द्वारा मामले की जांच की गई और जांच सत्यापन के बाद आज ट्रैप कार्रवाई की गई।

**50 डिसमिल जमीन की बनवाई पावर ऑफ अटॉर्नी :** इस कार्रवाई के बाद एसडीएम कार्यालय के साथ ही जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। बड़ी बात यह है कि रिश्वत लेने के साथ ही एसडीएम के खिलाफ एसीबी के पास कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हाथ लगे हैं। एसीबी डीएसपी के अनुसार एसडीएम बीआर खांडे द्वारा प्रार्थी कन्हाई राम के पक्ष में आदेश करने के एवज में प्रार्थी एवं उसके परिजन की ओर से ग्राम जजगा तहसील उदयपुर स्थित 50 डिसमिल जमीन को भी अपने महिला परिचितों के पक्ष में बिक्री आदि करने संबंधी पावर ऑफ अटार्नी निष्पादित करा लिया था ताकि भविष्य में उक्त जमीन को अपने पक्ष में करा सके। संबंधित पावर ऑफ अटॉर्नी की प्रति भी एसीबी के हाथ लग गयी है। समस्त आरोपियों की संपत्तियों के संबंध में भी एसीबी द्वारा गहन जांच प्रारंभ कर दी गयी है जिससे भविष्य में महत्वपूर्ण खुलासे होने की प्रबल संभावना है।

### इस तरह पकड़े गए...

एसडीएम ने रुपए अपने बाबू धरमपाल को लेने के लिए कहा। इस बीच रीडर धरमपाल ने भृत्य अबीर राम को रिश्वत की रकम को अपने पास रख लेने को कहा जिसे अबीर राम ने अपने हाथों में ले लिया तथा रिश्वत की रकम लेने के बाद वह एसडीएम के पास चला गया और एसडीएम को जानकारी दी कि कन्हाई राम से रिश्वत की रकम 50 हजार रुपए को उसने प्राप्त कर दिया है तो एसडीएम ने कहा कि उक्त रकम को गार्ड नगर सैनिक कविनाथ सिंह को दे दिया जाए जिसपर भृत्य ने रिश्वत में मिले रुपए एसडीएम के गार्ड कविनाथ सिंह को दे दिया। इस तरह रिश्वत के रुपए का लेन देन चेन सिस्टम से किया गया। रुपए मिलने की पुष्टि होने के बाद एसीबी ने एसडीएम कार्यालय में छापा मार दिया और रिश्वत लेने के आरोप में एसडीएम बीआर खांडे, भृत्य धरमपाल, भृत्य अबीर राम, नगर सैनिक कविनाथ सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एसीबी ने आरोपियों के खिलाफ आरोपियों के विरूद्ध धारा 7, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### डिफाल्टर मामले में यूजीसी...

उनके यहां लोकपाल की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। विश्वविद्यालयों का कहना है कि यूजीसी द्वारा वर्ष के प्रारंभ में जारी किए गए नोटिस को गंभीरतापूर्वक लेते हुए उनके द्वारा पूर्व में ही इससे संबंधित प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। इसके बाद भी उन्हें डिफाल्टर की सूची में क्यों डाला गया है, उन्हें नहीं पता। गौरतलब है कि किसी विश्वविद्यालय को यूजीसी की डिफाल्टर सूची में डाले जाने पर संबंधित विश्वविद्यालय को शासकीय सहायता प्राप्त नहीं होती है। उन्हें मिलने वाले अनुदान सहित कई अन्य तरह की सुविधाएं समाप्त हो जाती हैं। इसका प्रभाव विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग पर भी पड़ता है। विश्वविद्यालयों में छात्रों की समस्या के निराकरण के लिए लोकपाल का प्रावधान यूजीसी द्वारा किया गया है।

**नियुक्त है लोकपाल :** 6 जून को लोकपाल की नियुक्ति कर चुके हैं। रिटायर प्रोफेसर डॉ.जेएस उरकुरकर को हमने अपना लोकपाल बनाया है। इस संदर्भ में अधिसूचना भी जारी की जा चुकी है।
**-संजय नैय्यर**, जनसंपर्क अधिकारी, कृषि विवि

**पता करते हैं :** वस्तुस्थिति पता कर रहे हैं।
**-डॉ.संजय अलंग**, प्रभारी कुलपति, उद्यानिकी विवि

### अंततः कुलपति पद से...

कार्यकाल के दौरान पद्मश्री ममता चंद्राकर को विवि का कुलपति बनाया था। उनका कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। दोपहर बाद राजभवन ने संगीत विवि के अधिनियम 1956 की धारा 17 ए मे निहित प्रावधानों के तहत कुलपति ममता चंद्राकर को तत्काल कुलपति के पद से हटाए जाने का फरमान जारी कर दिया।

**सत्यनारायण राठौड़ अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक कुलपति :** नए कुलपति की नियुक्ति होने तक उनकी जगह पर दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौड़ को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक कुलपति का दायित्व निभाने कहा गया है। उक्त आदेश के पालन को लेकर शाम पांच बजे के आसपास कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल साथ विवि परिसर पहुंचकर संभागायुक्त श्री राठौड़ ने कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

**कार्रवाई की मांग पर सत्याग्रह :** खैरागढ़ इंदिरा कला विश्वविद्यालय की कुलपति ममता चंद्राकर के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार और गड़बड़ी को लेकर राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शिक्षक बीएल यादव द्वारा सत्याग्रह आंदोलन का आगाज कर दिया गया था। वहीं लोकसभा लोकसभा चुनाव के दौरान भी कई कर्मचारियों ने कुलपति के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया था।

## पेज एक के शेष

### कहीं चुपके से तो ...

प्रभावी होने के लिए एक दो दिन इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी बिहार में भारी बारिश का सिस्टम नहीं बन पाया जिसकी वजह से सरगुजा में भी इसका असर कम है। पिछले चौबीस घंटे में मध्य इलाके में अच्छी बारिश हुई है। गुरुवार की शाम के बाद शुरु हुई वर्षा का दौर रात तक जारी रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार खरोरा में सबसे अधिक दस सेमी., कवर्धा, आरंग में 6 सेमी., महासमुंद, गंडई सहित कई इलाकों में 5, राजधानी रायपुर, तिल्दा सोनाखान सहित कई क्षेत्रों में 4, देवभोग, मंदिर हसौद, लभांडी सहित अनेक शहरों में 3 सेमी. और इसके अलावा प्रदेश के दर्जनभर से अधिक स्थानों में हल्की से मध्य बारिश होती रही है।

### नदी में 54 मवेशियों के शव...

हिंदूवादी संगठन के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की। मामला जिले के धनोरा और धूमा थाना क्षेत्र का है। धनोरा के पिंडारई के पास बेनगंगा नदी में 26 और धूमा क्षेत्र के ककरतला के जंगल में 28 मवेशियों के शव मिले हैं। जानकारी मिलने पर गुरुवार को कलेक्टर क्षितिज सिंघल और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जांच के आदेश दिए। **ग्रामीणों ने रस्सी से बांधकर निकाला :** जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को कुछ लोग पिंडारई गांव के पास बैनगंगा नदी के पास गए थे। उन्होंने वहां कुछ मवेशियों के शव देखे। उन्होंने धनोरा और सुनवारा पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से नदी में से मवेशियों के शव रस्सी से बांधकर बाहर निकाले गए। वहीं धूमा क्षेत्र के ककरतला के जंगल में पशु चिकित्सकों ने पंचनामा बनाया और मवेशियों के शवों का पोस्टमार्टम कर उन्हें दफनाया गया।

### सामने सरकार की साख...

कार्पोरेशन का गठन कर राज्य में शराब की खरीदी इस कार्पोरेशन के माध्यम से शुरू करवाई थी, लेकिन 2018 में बनी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एफएल 10 ए और एफएल 10 बी. लाइसेंस देने की शुरुआत की गई थी। एफएल 10 ए लाइसेंस करीब 10 लोगों को आवंटित किए गए थे। ये लाइसेंसधारी शराब निर्माताओं से शराब खरीदकर राज्य सरकार की स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन को शराब सप्लाई का काम करते थे। मार्केटिंग कार्पोरेशन शराब को सरकारी दुकानों से बिकवाने का काम करता था।

### पूरक बंद, माशिम इस साल...

से मान्य किया जाएगा। माशिम ने कुछ दिनों पूर्व राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर इस पर दावा-आपत्ति भी मांगी थी। नियमित विद्यार्थी अपने विद्यालय से संपर्क कर तथा प्राइवेट विद्यार्थी समन्वय केंद्र से संपर्क कर आवेदन कर सकेंगे। अधिसूचना जारी करने के साथ ही माशिम ने आवेदन भी प्रारंभ कर दिए हैं। दूसरी बार होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन 21 जून से ही शुरू कर दिए गए हैं। छात्रों को 30 जून तक का समय आवेदन के लिए जाएगा। विलंब शुल्क के साथ 1 व 2 जुलाई को आवेदन किए जा सकेंगे। इसके बाद पोर्टल बंद हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त पात्रता संबंधित शर्तें तथा अन्य दिशा-निर्देश भी व्यापम ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### जो पहली परीक्षा में...

आ गए थे, वे आवेदन कर सकते हैं। उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी भी श्रेणी सुधार के लिए आवेदन कर इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

### डोंगरगढ़ से शिफ्ट होगी...

के रूप में विकसित किया गया था। यहां वाशिंग लाईन, रेल पार्सल, गार्ड लॉबी, कैरेज, वैगन शेड, डीजल शेड के साथ साथ लोको सेंटर भी संचालित रहा है। डीजल इंजन के बंद होने के बाद से डोंगरगढ़ में स्थापित रहे कई संसाधन और स्टाफ को नागपुर शिफ्ट कर दिया गया। वर्तमान में यहां रेलवे की लाबी संचालित की जा रही है। जिसके चलते करीब छह सौ कर्मचारी डोंगरगढ़ में निवास करते है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में पिछले 18 एवं 19 अप्रैल माह में आयोजित रेलवे बोर्ड की बैठक में डोंगरगढ़ की लाबी को कलमना और गोंदिया शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से अब डोंगरगढ़ में निवासरत रेलवे कर्मियों में संकट के हालात निर्मित हो गए है। बताया जाता है कि इंजन के लोको पायलट डोंगरगढ़ से ही चेंज होते है। ऐसी स्थिति में सैकड़ों कर्मियों के परिवार यहीं निवासरत है। जिसके चलते डोंगरगढ़ शहर व्यापार की दृष्टि से भी बेहद मजबूत है लेकिन रेलवे की लाबी को कलमना और गोंदिया शिफ्ट किए जाने की तैयारियों के बीच ही अब व्यापारियो में भी आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है।

# सीनियर आईपीएस अफसर डांगी बने डॉक्टर



**रायपुर।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के शोधार्थी रतन लाल डांगी (वरिष्ठ आईपीएस) ने यूनिवर्सिटी के टैगोर हॉल में अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया। डांगी ने अपना शोध कार्य निर्देशक डॉ. सुनीता मिश्रा, विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान शासकीय नवीन महाविद्यालय, खुर्सीपार (भिलाई) एवं सहायक निर्देशक डॉ. प्रमोद यादव विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग के निर्देशन में पूर्ण किया। डांगी के शोध का टॉपिक था- 'छत्तीसगढ़ में माओवादी समस्या के उन्मूलन में सहायक पुलिस आरक्षकों की भूमिका (जिला बीजापुर के संदर्भ में)'। ज्ञात रहे डांगी ने अपने कैरियर की शुरुआत देश के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर संभाग से ही की थी। जिला बीजापुर में पुलिस अधीक्षक रहते हुए नक्सलियों के विरुद्ध अभियानों का नेतृत्व करने से उनको राष्ट्रपति के द्वारा दो बार पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

# सपा रद्द कराने का जा रही सदस्यता इधर, भाजपा भी नहीं दे रही भाव

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

**बुरे फंसे यूपी के 7 विधायक**

लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही राज्यसभा इलेक्शन के लिए हुई वोटिंग में समाजवादी पार्टी के 7 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी। इन विधायकों के पालाबदल के चलते भाजपा के एक अतिरिक्त उम्मीदवार को भी जीत मिल गई थी। तब भाजपा ने इसे बड़ी सफलता के तौर पर देखा था। इसके अलावा इन विधायकों को भी लग रहा था कि सत्ताधारी दल के साथ जाकर उन्हें कुछ बड़ा मिल जाएगा। लेकिन अब रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय और फूलपुर की पूजा पाल समेत इन सभी विधायकों को भाजपा से कोई भाव नहीं मिल रहा है। वहीं सपा का कहना है कि हम इन विधायकों के खिलाफ विधानसभा स्पीकर से शिकायत करेंगे और उनकी सदस्यता रद्द कराएंगे। अब इन विधायकों की स्थिति यह हो गई कि भाजपा के पास फायदे के लिए गए थे और उलटा सदस्यता खोकर नुकसान ही उठाना पड़ रहा है।

### वोटिंग से पहले भाजपा में शामिल

बता दें कि मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक हैं, लेकिन यहां भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार मिली है। वह वोटिंग से ठीक पहले भाजपा में शामिल हुए थे। इसके अलावा पूजा पाल, राकेश पांडेय, विनोद चतुर्वेदी, आशुतोष वर्मा और अभय सिंह जैसे विधायकों की सीट पर भी भाजपा को जीत नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि चुनाव नतीजों के बाद से ही भाजपा इनके संपर्क में नहीं है, जबकि सपा अब ऐक्शन मोड में है। खुद अखिलेश यादव कह चुके हैं कि धोखा देने वालों को माफी नहीं दी जाएगी। सपा का कहना है कि गलती की माफी दी जा सकती है, लेकिन षड्यंत्र पर माफी नहीं मिलेगी।

# महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में गिरफ्तार विपक्षी नेताओं के खिलाफ कोई सबूत नहीं



**मुंबई।** शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को दावा किया कि महाराष्ट्र, दिल्ली और झारखंड में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किए गए विपक्षी नेताओं के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक अदालत द्वारा जमानत दिए जाने के एक दिन बाद राउत की यह टिप्पणी आई है। राउत ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कथित धन शोधन के मामले में ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और केजरीवाल, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख व नवाब मलिक जैसे अन्य विपक्षी नेताओं की अलग-अलग मामलों में हुई गिरफ्तारियों के बीच तुलना की।

# अदालत के हमलावरों पर होगी कड़ी कार्रवाई : सुक्खू

**बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यहां अदालत परिसर में एक व्यक्ति पर हुए हमले को ''निंदनीय'' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी। एक पूर्व विधायक पर हमले में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति पर बृहस्पतिवार को बिलासपुर स्थित एक अदालत परिसर में गोली चलायी गई। सुक्खू ने कहा कि सरकार राज्य में ऐसी घटनाएं नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ओडिशाः बालासोर में शुक्रवार को कर्फ्यू में छह घंटे की ढील

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर शहर में शुक्रवार को छह घंटों के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई, ताकि लोग अपनी जरूरत का सामान खरीद सकें। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तरी ओडिशा के इस शहर में सोमवार रात को दो समूहों मे हुई झड़प के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था। दो समूहों में हुई इन पथराव की घटनाओं में 10 लोग घायल हो गए थे।

बालासोर शहर में इंटरनेट सेवा अभी बंद है। एक अधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि शहर में इंटरनेट सेवा 22 जून को सुबह 10 बजे तक बंद रहेगी। सूबे के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। अधिकारी ने कहा, "शहर में लगे कर्फ्यू में सुबह छह बजे से 12 बजे अपराह्न तक ढील दी गई।


## कार्यालय नगर पंचायत तुमगांव जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

क्रमांक/260/लो.नि.वि./न.पं./2023-24 तुमगांव, दिनांक 20/06/2024

**// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत तुमगांव में (CG PWD BUILDING SOR 01.01.2015) अधोसंरचना मद/निकाय मद अंतर्गत पुलिया निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके लिए एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से त्रि- लिफाफा पद्धति में मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09/07/2024 सायं 3.00 बजे तक ।
2. निविदाकारों को निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 10/07/2024 सायं 5.30 बजे तक ।
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 19/07/2024 सायं 03.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 19/07/2024 को सायं 04.00 बजे से ।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | अमानत राशि (राशि रू. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 07 में रामसागर तालाब के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 2.53 | 2600.00 | 750.00 | 02 |
| 2 | वार्ड 05 में बाजार चौक के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 2.53 | 2600.00 | 750.00 | 02 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा शर्तें / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में अवलोकन की जा सकती है। यह जानकारी www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत तुमगांव**



**राजस्व मण्डल, छ.ग. बिलासपुर**
**सर्किट कोर्ट, रायपुर**
**-: राजस्व मामले की नोटिस :-**

प्र.क्र.- आर.एन./05/आर/अ-6(अ)/99/2024
पेशी दिनांकः-08/07/2024

प्रति,
विक्रम मल्होत्रा आ. स्व. महेन्द्र मल्होत्रा, निवासी - वार्ड नं. 11 शंकर नगर, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) वर्तमान पता-गजानंद मंदिर के पीछे, विजय नगर, दुर्ग, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता पंकज मल्होत्रा आ. स्व. महेन्द्र मल्होत्रा निवासी - वार्ड नं. 11, शंकर नगर दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) वगैरह, द्वारा न्यायालय सदस्य, राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर, सर्किट कोर्ट, रायपुर के न्यायालय में पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक - आर.एन./05/आर/अ-6 (अ)/99/2024, न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग के प्र.क्र. 935/अ-6 (अ)/2022-23 पक्षकार विक्रम मल्होत्रा विरुद्ध पंकज मल्होत्रा वगैरह में पारित आदेश दिनांक 14/03/2024 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 08/07/2024 को तिथि नियत है।

अतः उक्त दिनांक को समय दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो। यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्त्यार या अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमे का फैसला एकतरफा किया जायेगा।

मुहर
**राजस्व मण्डल, छ.ग.**
**सर्किट कोर्ट रायपुर**



**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री घनश्याम परमार पिता स्व. प्रयाग जी परमार निवासी ई. 28 ऋषभ ग्रीन सीटी वार्ड नं. 55 पुलगाँव दुर्ग ने ग्राम शेरगढ़ तह. खैरागढ़ के कृषकगण श्री सुनील सिंह पिता स्व. हरिनारायण सिंह के स्वामित्व आधिपत्य की ग्राम शेरगढ़ तह. खैरागढ़ के खाता क्रमाक 711 कुल खसरा नं. 16 कुल रकबा 4.9740 हेक्टेयर कृषि भूमि व श्रीमती सनीला सिंह पति श्री सुनील सिंह के स्वामित्व आधिपत्य के ग्राम शेरगढ़ खैरागढ़ के खाता क्र. 716 कुल खसरा नं. 13 कुल रकबा 1.650 हेक्टेयर कृषि भूमि तथा योगेश सिंह पिता स्व. जयनारायण सिंह के स्वामित्व आधिपत्य की ग्राम शेरगढ़ के खाता क्र. 408 खसरा नं. 834/3 रकबा 0.8090 हेक्टेयर कृषि भूमि उक्त तीनो खातेदारो को कुल रकबा 7.4390 हेक्टेयर जिसमे 5 नग नलकुप व 36 नग सौगोन वृक्ष है को क्रय करने का सौदा पक्का कर ब्याना की राशि विक्रेतागण को दे चुका है। शेष राशि का भुगतान कर रजिस्ट्री कराना शेष है।

यदि उपरोक्त वर्णित करार शुदा संपत्ति के सौदा पर किसी भी बैंक, साहूकार, व्यक्ति, वित्तीय संस्था एवं शासन आदि को किसी भी प्रकार का उजर या दावा हो तो ऐसे उजर या दावो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ मेरे समक्ष मेरे कार्यालय / निवास में कार्यालीन समय 11 से 5 के बीच लिखित में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में म्याद बितने पर मेरे पक्षकार द्वारा रजिस्ट्री बैनामा करा लिया जायेगा तत्पश्चात किसी भी प्रकार किये गये उजर या दावा अमान्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सूचना जाने
खैरागढ़
दिनांक- 20.06.24

**सुप्रीत सिंह (अधिवक्ता)**
**निवासी जिला कार्यालय के पास**
**दुर्गा चौक वार्ड नं. 03 खैरागढ़**
**जिला के.सी.जी. (छ.ग.) 491881**
**मो.न. 9425566119**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विभिन्न मिश्रित कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

**1. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-24-25-05 दिनांक 12.06.2024
**कार्य का नाम:** पात्र एजेंसी (एस्कॉर्टिंग ऑपरेशन, 'A' चेक और रखरखाव के लिए) / आरडीएसओ अनुमोदित स्रोतों के माध्यम से दो वर्ष की अवधि के लिए एसएसई / एसी / जी में वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) और एलएचबी रेकों की प्राथमिक ट्रेन के लिए किर्लोस्कर और ग्रीव्स कॉटन मेक डीजी सेट वाले पावर कार का संचालन।
**निविदा मूल्य:** ₹ 1,29,43,836/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 2,14,700/-

**2. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-24-25-06 दिनांक 12.06.2024
**कार्य का नाम: (अ)** डीआरएम कार्यालय परिसर में मैकेनिकल सी एंड डब्ल्यू कार्यालय का उन्नयन/विकास। **(ब)** पीएच-42 के अंतर्गत नागपुर मंडल के G, ITR, CWA, DGG और MIB में ओपन लाइन में रोलिंग स्टॉक रखरखाव सुविधाओं के आपदा प्रबंधन का उन्नयन/सुधार। **(स)** डीईएन(एन)/एनजीपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नैनपुर में जीसी कार्य के बाद आवश्यक सेवा भवनों का प्रस्तावित निर्माण। **(ड)** ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र में SSE/P-Way/SEY का निर्माण।
**निविदा मूल्य:** ₹ 29,90,523/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 59,800/-

**3. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-24-25-07 दिनांक 12.06.2024
**कार्य का नाम:** (अ) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के डीआरएम कॉम्प्लेक्स में आरसीसी बिल्डिंग के नियंत्रण कक्ष में केंद्रीकृत वातानुकूलन का प्रावधान। (ब) आईओएच शेड कोचिंग डिपो, गोंदिया में एलएचबी स्टॉक सुविधाओं का विकास।
**निविदा मूल्य:** ₹ 31,09,665/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 62,200/-

**उपरोक्त निविदाएं जमा करना:** दिनांक **28.06.2024** से **12.07.2024** के **15:00** बजे तक। **उपरोक्त निविदाएं खोला जाना :** दिनांक **12.07.2024** को।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता** (RS&G),
PC/06-42 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## राशिफल

**मेष** – भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष** – आय के स्रोत बनेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।

**मिथुन** – खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवस्तता बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। तनाव में कमी आएगी।

**कर्क** – कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। कारोबार के विस्तार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**कन्या** – बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**तुला** – नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** – पिता का सानिध्य मिलेगा। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के योग हैं।

**धनु** – शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मकर** – मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मानसिक तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। परिश्रम की आवश्यकता रहेगी।

**मीन** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की स्थिति मन में रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5549



**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली -5548 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5560

★★★✬☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5559 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## खबर संक्षेप

### मणिपुर मुश्किल दौर से गुजर रहा : सीएम बीरेन



**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि जातीय हिंसा प्रभावित उनका राज्य मुश्किल दौर से गुजर रहा है और उनकी सरकार समाज की बेहतरी के लिए राह बनाएगी। खुमान लैंपक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सिंह ने कहा कि मणिपुर की वर्तमान स्थिति स्वदेशी लोगों और उनके भविष्य के लिहाज से एक महत्वपूर्ण बिंदु है और अगर चीजों को समझदारी से निपटाया जाए तो 'एक सुरक्षित भविष्य की गारंटी' मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा ''हमें भावनाओं और राजनीति को अपने कार्यों पर हावी नहीं होने देना चाहिए और इस प्रक्रिया में मूल मुद्दों से ध्यान भटकाना नहीं चाहिए। हम जानते हैं कि हम थक गए हैं... लेकिन हमें इसे कुछ और दिनों तक सहना होगा। बिना मुश्किल दौर से गुजरे हम खुश नहीं रह सकते।

### भारत-पाकिस्तान के बीच हो सीधी बातचीत : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है और बातचीत की गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने महत्वपूर्ण संबंधों को अमेरिका महत्व देता है। उन्होंने कहा, ''जैसा कि हमने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं और उसकी गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए, हमें नहीं।'' मिलर ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरों से निपटने में अमेरिका और पाकिस्तान की साझा रुचि है। उन्होंने कहा, हम सुरक्षा के मुद्दे पर उच्च स्तरीय आतंकवाद रोधी संवाद के जरिये पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं, इसमें कई आतंकवाद रोधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी शामिल है।

## भारत-बांग्लादेश के प्रधानमंत्रियों के बीच आज होगी द्विपक्षीय बैठक

# शेख हसीना पहुंची दिल्ली, विदेश मंत्री जयशंकर ने की शिष्टाचार भेंट

*बांग्लादेश भारत की 'नेबर फर्स्ट' नीति के तहत एक महत्वपूर्ण साझेदार है। शेख हसीना की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को और घनिष्ट करना है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शुक्रवार को अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंची। यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने उनका स्वागत किया। इस दौरान भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी मौजूद थे। इसके बाद विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने प्रधानमंत्री शेख हसीना से शिष्टाचार मुलाकात की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि आज शाम बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके मुझे प्रसन्नता हुई। भारत की उनकी राजकीय यात्रा हमारे घनिष्ठ और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। हमारी विशेष साझेदारी के आगे विकास पर उनके मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की भारत यात्रा 21 से 22 जून तक की है। इसमें शनिवार को उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए सभी जरूरी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



*भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंची बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा किया गया।*

### कई सालों से अटका है तीस्ता जल बंटवारा

*भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कई सालों से विवाद है। 414 किमी लंबी तीस्ता नदी हिमालय से निकलती है और सिक्किम के रास्ते भारत में प्रवेश करती है। इसके बाद ये पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश पहुंचती हैं जहां पर वह असम से आई ब्रम्हपुत्र नदी में मिल जाती है। बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र नदी को जमुना कहा जाता है। इस लंबी यात्रा के दौरान तीस्ता नदी की 83% यात्रा भारत में और 17% यात्रा बांग्लादेश में होती है।*

#### बांग्लादेश को भारत के साथ समझौता करना होगा

बांग्लादेश के लिए भारत की सहमति के बिना तीस्ता मास्टर प्लान पर काम करना इतना आसान नहीं होगा। दरअसल इसके लिए बांग्लादेश को भारत के साथ तीस्ता नदी जल बंटवारा समझौता करना होगा। साल 2011 में जब कांग्रेस की सरकार थी तब भारत, तीस्ता नदी जल समझौता पर दस्तखत करने को तैयार हो गया था।

#### गंगा जल बंटवारा संधि अगले साल खत्म होगी

*रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों नेता गंगा जल बंटवारा संधि के रिन्यूअल पर भी बातचीत कर सकते हैं। भारत ने 1975 में गंगा नदी पर फरक्का बांध का निर्माण किया था, जिस पर बांग्लादेश ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद दोनों देशों ने 1996 में गंगा जल बंटवारा संधि की थी। यह संधि सिर्फ 30 सालों के लिए थी। ये संधि अगले साल खत्म होने वाली है।*

#### भारत नहीं चाहता तीस्ता मास्टर प्लान चीन को मिले

*भारत नहीं चाहता कि तीस्ता मास्टर प्लान प्रोजेक्ट चीन को मिले। इसकी वजह रणनीतिक और सुरक्षा से जुड़ी वजहें हैं। दरअसल चीन को मिले अधिकांश प्रोजेक्ट वहां की सरकारी कंपनियों को मिलते हैं। ऐसे में भारत को डर है कि वो जल प्रवाह से जुड़ा डेटा और नदी से जुड़ी कई जानकारी चीनी सरकार को दे सकते हैं।*

#### बांग्लादेश 50 फीसदी पानी का अधिकार चाहता है

*इस दौरान सिक्किम, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तीनों क्षेत्रों में रहने वाले करीब 1 करोड़ लोगों की पानी से जुड़ी जरुरतें ये नदी पूरा करती है। बांग्लादेश तीस्ता का 50 फीसदी पानी पर अधिकार चाहता है। जबकि भारत खुद नदी के 55 फीसदी पानी का इस्तेमाल करना चाहता है। गर तीस्ता नदी जल समझौता होता है तो पश्चिम बंगाल नदी के पानी का मनमुताबिक इस्तेमाल नहीं कर पाएगा।*

#### 9 साल बीतने के बाद भी अब तक समाधान नहीं

*ममता बेनर्जी की नाराजगी की वजह से मनमोहन सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी पीएम बने। एक साल बाद वो बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के साथ बांग्लादेश गए। इस दौरान दोनों नेताओं ने बांग्लादेश को तीस्ता के बंटवारे पर एक सहमति का यकीन दिलाया था। लेकिन 9 साल बीतने के बावजूद अब तक तीस्ता नदी जल समझौते का समाधान नहीं निकल पाया है।*

## मृतकों की संख्या बढ़कर हो गई 53, स्टालिन सरकार को विपक्ष ने घेरा, प्रदेशभर में हाहाकार





### तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले के करुणापुरम में शराब ने ली जान

एजेंसी ▶▶| कल्लाकुरिची

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले के करुणापुरम में जहरीली शराब पीने से बीते गुरुवार रात कई और लोगों की जान चली गई। जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब 53 तक पहुंच गई है। पीड़ितों में 4महिलाएं और एक ट्रांसपर्सन शामिल हैं। ज्यादातर पीड़ित करुणापुरम के हैं।

घटना के 100 से ज्यादा पीड़ितों का कल्लाकुरिची सरकारी मेडिकल कॉलेज के अलावा दूसरे अस्पतालों में इलाज जारी है। सभी को सांस लेने में दिक्कत, अंधता और शरीर में तेज दर्द की शिकायतें हैं। स्टालिन सरकार की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। विपक्ष इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

#### लोगों ने सीने में दर्द की शिकायत की

बताया जा रहा है कि उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने के बाद कई लोगों को कल्लाकुरिची मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सभी ने सीने में दर्द की भी शिकायत की है।

#### स्टालिन ने सख्त कार्वाई का दिया भरोसा



कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से हुई मौतों पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दुख जताया और सख्त कार्वाई की बात कही। घटना के उच्च स्तरीय जांच की भी बात सरकार ने कही है। मगर जनता में घटना को लेकर सरकार के प्रति रोष है। विपक्षी दल घटना की जिम्मेदारी लेते हुए स्टालिन सरकार से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं तो आम जनता भी अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने में असफल सरकार पर सवाल उठा रही है।

## चीन में भीषण बाढ़ और भूस्खलन में 47 की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित गुआंग्डोंग प्रांत में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ व भूस्खलन में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है। चीन की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने शुक्रवार दोपहर में कहा कि मीझोउ शहर में 38 अन्य लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसने कहा कि इसी शहर में इसके पहले नौ अन्य लोगों की मौत हुई थी।

## चीन को आर्थिक मोर्चे पर चौतरफा घेर रहा है भारत

# चीनियों को भारतीय वीजा अब आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

भारत-चीन बॉर्डर पर भारतीय सेना और चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच गलवान घाटी में चार साल पहले हुए फिजिकल-टेंशन के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने धीरे धीरे ऐसा शिकंजा कसा है कि चीनियों को समझ नहीं आ रहा कि कैसे निपटा जाए? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' विमर्श के बाद भारत में चीनी प्रोडक्ट और व्यापार पहले की तुलना में बेहद कम होते जा रहे हैं अब चीनियों को भारत का वीजा मिलना 'सपने' जैसा बना दिया गया है। हालात ये है कि 2019-2020 से पहले, यानि कोरोना संक्रमण से पहले चीनी नागरिकों को जहां हर साल 2 लाख से अधिक ई-वीजा भारत की ओर से जारी किये गये थे, वहीं गलवान घाटी के हुज्जत और बढते टेंशन के बीच 2023-2024 में चीनी नागरिकों के लाखों आवेदनों में से केवल 2 हजार भारतीय वीजा ही जारी किया गया।

विदित हो कि लद्दाख की सीमा के अंदर जबरन घुसने की कोशिश करते हुए पीएलए के जवानों के साथ भारतीय जवानों का खूनी संघर्ष हुआ था। गलवान घाटी में पीएलए के साथ चार साल पहले हुई खूनी संघर्ष में कर्नल संतोष बाबू समेत 20 भारतीय सेना के जवान शहीद हो गये थे।

#### वीजा देने की रफ्तार

सत्ता प्रतिष्ठान से जुडे विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि चीनियों को भारतीय वीजा देने की रफ्तार को इस कदर स्ट्रीमलाइन किया गया है गत 8 महीने में चीनी इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज के प्रोफेशनल लोगों को केवल 1500 वीजा जारी किये गये। मौजूदा वित्तीय वर्ष के शुरूआती पांच महीनों में ही चीन के साथ ट्रेड-डेफिसिट 38.11 बिलियन डॉलर का रहा। जब कि इन्हीं पांच महीनों में भारतीय उत्पादों का निर्यात कहीं ज्यादा, 9 फीसदी के उछाल के साथ 8.3 बिलियन डॉलर का रहा। भारत में व्यापार जमा कर मनी लांड्रिंग कर रहीं चीनी कंपनियों पर ईडी की नजर पहले से है। मतलब साफ है, भारत के पडोसी देशों के साथ मिलकर भारत के खिलाफ चीन जितने जाल बुनेगा, आर्थिक मोर्चे पर उतना उलझता जाएगा।

#### बड़ा उपभोक्ता बाजार

चीन के लिए भारत एक बडे उपभोक्ता बाजार के रूप में रहा है। चीन की आर्थिक मजबूती में जाहिरतौर पर भारत में उनके उत्पाद की खपत एक मजबूत आधार रहा है। केंद्र सरकार ने रणनीतिक रूप से चीन को आर्थिक मोर्चे पर कमजोर करने के लिए पहले चीनी उत्पादों के प्रति देशवासियों को जागरुक कर भारतीय उत्पाद ज्यादा से ज्यादा खरीदे जायें, इस ओर सार्थक प्रयास किये गये, उसका असर भी दिखा। दूसरा चीनी नागरिकों, व्यापारियों के धडल्ले से भारत की आवाजाही को नियंत्रित कर भारत सरकार ने चीन को लगातार प्रतीकात्मक संदेश देने की कोशिश की है।

## ममता सरकार का फैसला

# सरकारी संपत्तियों को बेचकर अब उद्योगों का विकास करेंगी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



ममता बेनर्जी सरकार ने नए उद्योगों के विकास के लिए नया तरीका खोज निकाला है। सरकार ने बंद इंडस्ट्रीज के साथचल रही इंडस्ट्रीज की खाली और इस्तेमाल न की जा रही जमीन बेचने की पेशकश शुरू कर दी है। ममता ने अधिकारियों से ऐसे भवनों की एक सूची तैयार करने और उन संरचनाओं को नीलामी के माध्यम से बेचने के लिए एक नीति तैयार करने को कहा। ममता ने अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान यह निर्देश दिया।

सरकार 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले जितना संभव हो उतना राजस्व पैदा करना चाहती है।इससे पहले सरकार ने विभागों को अपनी खाली पड़ी ज़मीनों को नीलामी के माध्यम से बेचने की अनुमति दी थी। अबइस्तेमाल नहीं किए जा रहे सरकारी भवनों को बेचने का फैसला किया है।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: WAT-TRD-58-23-24 DT140624

समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ एवं आवश्यकतानुसार अन्य कार्यालयों के लिए प्लेसमेन्ट एजेन्सी के माध्यम से मानव संसाधन उपलब्ध किये जाने ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

अभिरूचि की अभिव्यक्ति के लिए अनुरोध (EOI) दस्तावेज़ और अन्य विवरण वेब पोर्टल (वेबसाइट) **https://eproc.cgstate.gov.in** (निविदा क्र. 155077 दिनांक 19.06.2024) से 19/06/2024 से डाउनलोड किया जा सकता है और केवल ऑनलाइन ही जमा किया जाएगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 18/07/2024 होगी। EOI में संशोधन, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा ।

**नोट :-**

1. अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) को ऑनलाइन जमा करने के लिए इच्छुक एजेंसियां CG E-Prochelpdesk MJunction Services Limited द्वारा संचालित हेल्प डेस्क का उपयोग कर सकते है। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर Toll free No. 18004199140 ( सुबह 9 बजे से रात 11 बजे तक) सम्पर्क कर सकते है (CG E-Proc के लिए 2 दबाएं) या **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in** पर ईमेल कर सकते हैं।
2. एजेंसियां अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) को ऑनलाइन जमा करने से पहले यदि कोई संदेह हो तो उसे दूर करने के लिए कार्यालयीन समय में उप संचालक (प्रशा.) समाज कल्याण संचालनालय से संपर्क कर सकते हैं।

G-242500444/1

संचालक
समाज कल्याण छत्तीसगढ़

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला कबीरधाम छ.ग.

**Email id: sp-kawardha.cg@nic.in Fax: 07741-233222**

निविदा क्रमांक :- पुअ / कधा / एसी / 195 - बी / 2024, — दिनांक- 10/06/2024

**:: निविदा ::**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिये मुहरबंद निविदाऐ 02 लिफाफा पद्धति से (एक अमानत राशि तथा दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा) पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा भवन निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाये गये प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र -ए में सक्षम श्रेणी के ठेकेदार से 02 लिफाफा पद्धति से (तकनीकी एवं वित्तीय बीड) लोक निर्माण विभाग/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण यांत्रिकी सेवा / छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल / पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन से पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर पंजीकृत अभिस्वीकृतियुक्त डाक, स्पीड पोष्ट, हाथो-हाथ निविदा आमंत्रित हैः-

निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि - दिनांक 12.06.2024 से 02.07.2024 तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 03.07.2024 के शाम 04:00 बजे तक।
निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 03.07.2024 के शाम 05:00 बजे तक।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्यस्थल एवं कार्य का नाम | यूनिट लागत लाख में |
|---|---|---|---|
| 01 | 195/ 2024 | सी.ए. एफ/सी.ए.पी.एफ कैंप माराडबरा थाना चिल्फी में 02 नग ट्यूबलर स्ट्रक्चर बैरक क्र. (5), (6) निर्माण कार्य | 9.00 |
| 02 | 196/ 2024 | सी.ए.एफ/सी.ए.पी.एफ कैंप माराडबरा थाना चिल्फी में 02 नग ट्यूबलर स्ट्रक्चर बैरक क्र. (7),(8) निर्माण कार्य | 9.00 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रति निविदा रू. 1000/- की राशि का चालान पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के नाम से "लेखा शीर्ष 0055 पुलिस, उप शीर्ष - 800 अन्य प्राप्तियों" के नाम से स्वीकार्य होगा । धरोहर राशि प्रति निविदा 13,500 = रू. तथा निविदाकारो की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी "द" अथवा उससे अधिक होगी। निविदा कार्य की अवधि वर्षा ऋतु सहित कार्यादेश तिथि से 45 दिवस तक की होगी । शेष अन्य जानकारी/शर्ते भी इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, व निविदा फार्म में उपलब्ध करा दिया जावेगा।

G-242500450/1

पुलिस अधीक्षक
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### सनफार्मा ने टकेडा से किया समझौता

**नई दिल्ली।** फार्मास्युटिकल कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने भारत में एक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल दवा के व्यावसायीकरण के लिए टकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस दवा का उपयोग पाचन संबंधी विकारों के उपचार में किया जाता है।

### ई-कॉमर्स कंपनी जेप्टो ने 66.5 करोड़ डॉलर जुटाए




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी जेप्टो ने वित्तपोषण के हालिया चरण में 66.5 करोड़ डॉलर (लगभग 5,560 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। बाजार पूंजीकरण 3.6 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल में लगभग तीन गुना हो गया है। मुंबई के इस स्टार्टअप द्वारा 1.4 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 23.5 करोड़ डॉलर जुटाने के एक वर्ष से भी कम समय बाद यह विशाल धनराशि जुटाई गई है।

### भारतीय परिवारों को भाने लगा सॉफ्ट ड्रिंक



**नई दिल्ली।** पिछले दो साल में औसत भारतीय परिवारों के बीच बोतलबंद सॉफ्ट ड्रिंक की खपत बढ़ी है और बीते वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है। कांतार एफएमसीजी पल्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ इस रुझान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# कृषि संगठनों ने बजट में शोध एवं विकास पर अधिक खर्च, सब्सिडी सुधारों की रखी मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक में कृषि संगठनों और विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कृषि शोध में निवेश बढ़ाने, उर्वरक सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाने और जलवायु परिवर्तन को लेकर कृषि क्षेत्र की जुझारू क्षमता बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया।

ढाई घंटे चली इस बैठक में कृषि क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लिए बजट आवंटन को 9,500 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपए करने की वकालत की। भारतीय खाद्य एवं कृषि चैंबर के चेयरमैन एम जे खान ने क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए 'कृषि अनुसंधान एवं विकास में बड़े पैमाने पर निवेश'' की जरूरत पर बल दिया।

## वित्त मंत्री सीतारमण के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक में की मांग

### बिजली में लाभ और आम लोगों को दें कर राहत

सरकार को खुदरा विक्रेताओं के लिए कम लागत वाले कर्ज, सब्सिडी एवं जमीन की दरों के अलावा बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों पर लाभ देना चाहिए। भारतीय खुदरा विक्रेता संघ ने शुक्रवार को आम बजट 2024-25 के लिए सरकार को सौंपे अपने सुझाव में यह बात कही। इसके साथ ही आरएआई ने मांग पैदा करने और खपत बढ़ाने के लिए आम लोगों को कर राहत देने की भी अपील की। भारत में खुदरा व्यापार का हिस्सा देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 10 प्रतिशत है और यह क्षेत्र सीधे तौर पर रोजगार में लगे लोगों की संख्या के लिहाज से कृषि के बाद दूसरे स्थान पर है।



### दिग्गजों ने दिए सुझाव

बैठक में कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी, वरिष्ठ कृषि पत्रकार हरीश दामोदरन और राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र एवं नीति अनुसंधान संस्थान तथा यूनाइटेड प्लांटर्स एसोसिएशन ऑफ साउथर्न इंडिया के प्रतिनिधि शामिल हुए। यह बैठक बजट की तैयारियों के सिलसिले में हुई। सरकार अगले महीने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना वार्षिक बजट पेश करने वाली है।

### सब्सिडी का हो एकीकरण

विशेषज्ञों ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरण के लिए कृषि से संबंधित सारी सब्सिडी का एकीकरण करने और यूरिया के खुदरा मूल्य में वृद्धि करने की भी मांग की। सब्सिडी के माध्यम से जैव-उर्वरकों और पत्तों से बने उर्वरकों को बढ़ावा देने की मांग भी की गई।

### कृषि निधि को करें अलग

भारत कृषक समाज के अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ ने शिक्षा और अनुसंधान के बीच कृषि निधि को अलग करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि कृषि शोध पर मिलने वाला रिटर्न अन्य निवेशों की तुलना में दस गुना अधिक होने के बावजूद बीते दो दशकों में बजट वृद्धि मुद्रास्फीति दरों से पीछे रह गई है।
कृषि क्षेत्र के जानकारों ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने के लिए बनी समिति को भंग करने, भारत के लिए एक नई कृषि नीति लागू करने और केंद्र-प्रायोजित योजनाओं में मानव संसाधन विकास के लिए वित्तपोषण अनुपात को 60:40 से बदलकर 90:10 करने का भी सुझाव दिया।

## स्थानीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली बनी कारण

# शेयर बाजार में थमा तेजी का दौर सेंसेक्स और निफ्टी में रही गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के बीच स्थानीय बाजार में तेल एवं गैस, पूंजीगत उत्पाद और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली होने से लगातार छह सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला शुक्रवार को थम गया। इस दौरान दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी हल्की गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 269.03 अंक यानी 0.35 प्रतिशत गिरकर 77,209.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 676.93 अंक गिरकर 76,802 तक आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 65.90 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,501.10 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 100.1 अंक बढ़कर 23,667.10 के रिकॉर्ड कारोबारी स्तर पर पहुंच गया था। इसके साथ ही शेयर बाजार में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही अपने-अपने रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में कुल 217.13 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि निफ्टी 35.5 अंक यानी 0.15 प्रतिशत अंक चढ़ा।

### रुपया बढ़कर 83.55 प्रति डॉलर पर बंद

रुपया शुक्रवार को दो महीने के निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले छह पैसे की तेजी के साथ 83.55 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत पूंजी प्रवाह और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण रुपये को समर्थन मिला। हालांकि, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि स्थानीय मुद्रा को अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर धारणा के कारण प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय रुपया 83.60 पर खुला और कारोबार के दौरान 83.49 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।



*एफएमसीजी क्षेत्र का प्रदर्शन कमतर रहने की आशंका हावी: जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"मानसून की सुस्त रफ्तार को लेकर चिंताएं गहराने से एफएमसीजी क्षेत्र का प्रदर्शन कमतर रहने की आशंका हावी रही और घरेलू बाजार में हल्की मुनाफावसूली देखी गई।*

### नुकसान में रहीं कंपनियां

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, नेस्ले, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट भारती एयरटेल, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और एनटीपीसी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटा



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही।

# घरेलू वस्तुओं की बिक्री के लिए ग्रामीण भारत चमकता सितारा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रोजमर्रा उपयोग की घरेलू वस्तुओं की बिक्री की वृद्धि के लिए ग्रामीण भारत एक 'चमकता सितारा' बना हुआ है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 की दूसरी तिमाही में शहरी क्षेत्रों की तुलना में इस क्षेत्र में विस्तार की बेहतर गति बनाए रखने की उम्मीद है।

आंकड़ा एवं परामर्श कंपनी कंतार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत 2024 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में एफएमसीजी कंपनियों के लिए शहरी बाजारों की तुलना में 'बेहतर वृद्धि स्तर' बनाए रखेगा। रिपोर्ट में ग्रामीण बाजार को 'चमकता सितारा' बताते हुए कहा गया है कि 2024 में इसमें 'पुनरुत्थान' होने की संभावना है। जहां शहरी क्षेत्र के तनाव में रहने की संभावना है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र साल की दूसरी तिमाही में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस वृद्धि को इसी साल फरवरी में पेश अंतरिम बजट में सरकार द्वारा क्षेत्र-केंद्रित उपायों से मदद मिली है और इससे स्थिरता आई है। कंतार की दूसरी तिमाही की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, इस साल जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, वहां लोकलुभावन उपायों की उम्मीद की जा रही है।

### ग्रामीण वृद्धि ने शहरी वृद्धि को पीछे छोड़ा

कंतार की रिपोर्ट के अनुसार, हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि आने वाले महीनों में कई राज्यों में चुनाव होने वाले हैं और दूसरी छमाही में ग्रामीण बाजार के लिए लोकलुभावन उपायों में वृद्धि ही देखने को मिलेगी। कोविड-19 के बाद, ग्रामीण बाजार संकट में था और पिछली तिमाहियों में लगातार गिरावट का सामना करना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, ग्रामीण परिप्रेक्ष्य से 2024 की शुरुआत शानदार रही है। ग्रामीण वृद्धि ने शहरी वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है; और ग्रामीण क्षेत्र ऊपर की ओर देख रहा है।

## सांखला ने की डिप्टी सीएम से मुलाकात



**रायपुर।** दुर्ग सराफा संघ के अध्यक्ष एवं प्रदेश सराफा संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी, श्री प्रकाश सांखला ने आज उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री से सौजन्य भेट की। इस मुलाकात के दौरान श्री सांखला ने प्रदेश सराफा व्यापार से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। श्री सांखला ने उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को सराफा संघ की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया, जिनमें व्यापारियों के लिए

■ सराफा व्यापार की योजनाओं पर हुई विशेष चर्चा

सुविधाओं में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती, और डिजिटलाइजेशन के माध्यम से व्यापारिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के विषय प्रमुख थे। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि सराफा व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए सुरक्षा उपायों को और भी मजबूत किया जाए।

## संबलपुर मंडल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह संपन्न



**संबलपुर।** संबलपुर मंडल में 21 जून को संबलपुर रेलवे सामुदायिक भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय ने मुख्य अतिथि के रूप में इस आयोजन मे सहभागिता दी और कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने के लिए जीवन का एक तरीका है।

इस अवसर पर रेलवे सामुदायिक भवन में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, संबलपुर के प्रताप प्रधान व अन्य सदस्यों ने योग सत्र का संचालन किया। अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष लीना पांडे, रेलवे अधिकारी, पूर्व तट रेल महिला कल्याण संगठन, संबलपुर के सदस्यों, रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने योग सत्र में भाग लिया। संबलपुर मंडल के सभी स्टेशनों और इकाइयों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जुसुफ कबीर अंसारी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, संबलपुर ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

### सोने में 800 रुपए की तेजी चांदी में 1400 की चमक बढ़ी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 800 रुपये मजबूत होकर 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी लगातार चौथे दिन 1,400 रुपये के उछाल के साथ 93,700 रुपये प्रति किलो हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 92,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## एलन कोटा में नीट-2025 की निशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून



**कोटा।** निर्धन व प्रतिभावान विद्यार्थियों के सपने पूरे करने के लिए गठित एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से शिक्षा संबल योजना शुरू की गई है। इसके तहत उत्तर भारत के सरकारी विद्यालयों व विद्या भारती संस्थान के हिन्दी माध्यम के चयनित विद्यार्थियों को एलन करियर इंस्टीट्यूट की ओर से एलन कोटा कैम्पस में निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इसके साथ ही एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास द्वारा निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था दी जाएगी। यह परीक्षा 7 जुलाई को होगी। इसके आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। आवेदन ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों तरह से किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए जानकारी आधिकारिक वेबसाइट से ली जा सकती है।

■ शिक्षा संबल योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को एलन में नि:शुल्क कोचिंग के साथ आवास व भोजन भी

परमार्थ न्यास के ट्रस्टी डॉ नवीन माहेश्वरी ने बताया कि सरकारी विद्यालयों के हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को आगे लाने के उद्देश्य से ही शिक्षा संबल योजना शुरू की गई है। चयन के लिए उन्हीं परिवारों के विद्यार्थी पात्र होंगे जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख से कम है। इसके लिए न्यास ने एलन करियर इंस्टीट्यूट के साथ एक एमओयू किया गया है, जिसके तहत इन्हें एलन कोटा कैम्पस में निःशुल्क नीट-2025 की तैयारी के लिए कोचिंग करवाई जाएगी। यह चयन एक वर्ष के लिए होगा। बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में एलन करियर इंस्टीट्युट के स्टडी सेंटर्स पर आवेदन फार्म उपलब्ध होंगे तथा वहां पूर्ण आवेदन भरकर परीक्षा के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।

## पतंजलि योगपीठ में मनाया गया 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**हरिद्वार।** योग ऋषि स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण के दिशा-निर्देशन में पतंजलि वैलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 स्थित योगभवन सभागार में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'स्वयं और समाज के साथ यूनिवर्स के लिए योग' विषय के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि योग व योगमूलक इंटीग्रेटिड ट्रीटमेंट सिस्टम से साध्य-असाध्य रोगों को रिवर्स किया जा सकता है। योगा फॉर सेल्फ व सोसाइटी ही नहीं, योगा फॉर यूनिवर्स अर्थात युग के लिए योग है। उन्होंने कहा कि योग, प्राणायाम, सहज योग, एडवांस योग, योगा इन दिनचर्या के साथ जीवन को सार्थक बनाएं। योग हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है, हमारे जीवन की सभी समस्याओं का समाधान है। योग आत्मानुशासन, आत्मदर्शन, आत्म उपचार तथा आत्म साक्षात्कार है। उद्योग, जीवन और जगत की सभी समस्याओं का समाधान योग में निहित है। इस अवसर पर पतंजलि वैलनेस के थैरेपिस्टों ने पंचकर्म, षट्कर्म तथा

■ योग हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा और जीवन की सभी समस्याओं का समाधान है : स्वामी रामदेव

प्राकृतिक चिकित्सा की विविध थेरेपियों तथा पतंजलि गुरुकुलम व आचार्यकुलम के छात्रा-छात्राओं ने योग की विभिन्न मुद्राओं, मलखंभ योग, रस्सी योग, ताइक्वांडो आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में साध्वी देवप्रिया, राकेश, अंशुल, पारूल, डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, ब्रिगेडियर टीसी मल्होत्रा, तरूण राजपूत, पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य प्रो.अनिल यादव, पतंजलि आयुर्वेद हॉस्पिटल के उप अधीक्षक डॉ. अरूण पाण्डेय, स्वामी बजरंगदेव, स्वामी आर्षदेव, स्वामी ईशदेव सहित पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध समस्त इकाईयों के इकाई प्रमुख, अधिकारी, कर्मचारी व पतंजलि संन्यासाश्रम के सभी संन्यासी भाई व सन्यासिनी बहनें उपस्थित रहे।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

उपलब्ध विशेषताएं
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# सुपर-8 : भारत चार जीत से उत्साहित, उलटफेर करने में माहिर बांग्लादेश देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें।



मैच आज रात 8 बजे से

### बल्लेबाजों से बड़ी पारी की उम्मीद

विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में रखा गया था लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाए लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली। एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

### बांग्लादेश के बेटर्स फेल

बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाए रखने के लिए हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। उसे टीम में पावर हिटर्स की कमी खल रही है। सलामी बल्लेबाज लिटन दास और तंजीद खान के खराब प्रदर्शन ने भी उसकी परेशानियां बढा दी हैं। बांग्लादेश के बल्लेबाजों के सामने चुनौती जसप्रीत बुमराह का सामना करने की है जो अब तक बेहतरीन फॉर्म में हैं और उनका इकॉनॉमी रेट 3.46 रहा है।

## अमेरिका के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला आज

*ब्रिजटाउन। टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। इस हार के बाद रोवमैन पॉवेल की टीम अंकतालिका में सबसे नीचे खिसक गई है और उसका नेट रनरेट भी माइनस 1.343 है। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।*



## खबर संक्षेप



### बुमराह के आसपास भी नहीं कोई गेंदबाज

ब्रिजटाउन। पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम भाग्यशाली है जिसके पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है। बुमराह ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। भारत ने यह मैच 47 रन से जीता। मांजरेकर ने कहा, 'कई मैचों में हमने चौके नहीं गंवाए। उनके और बाकी तेज गेंदबाजों के बीच का अंतर देखिए। दुनिया के बाकी शीर्ष गेंदबाजों को देखें तो बुमराह और उनमें बाकी अंतर है। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास बुमराह जैसा गेंदबाज है।'

### रायबकिना बर्लिन में क्वार्टर में रिटायर



**बर्लिन**। कजाखस्तान की टेनिस खिलाड़ी एलीना रायबकिना शुक्रवार को बर्लिन में ग्रासकोर्ट लेडीज ओपन में क्वार्टर फाइनल में रिटायर होकर बाहर हो गयीं। ऐसा लगता है कि वह बीमार होने के कारण रिटायर हुई। 2022 विंबलडन चैंपियन पहले सेट में विक्टोरिया अजारेंका से 1-3 से पिछड़ रही थीं लेकिन पांचवें गेम में उनकी डबल फॉल्ट से स्कोर 15-15 होने पर उन्होंने खेलना बंद कर दिया।

### चयन समिति में बदलाव करेगा पीसीबी

**लाहौर**। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पुरानी चयन समिति व्यवस्था पर लौटेगा क्योंकि कोई मुख्य चयनकर्ता नहीं रखने का प्रयोग बुरी तरह नाकाम रहा। पाकिस्तान को टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका और भारत ने हराया जिससे टीम सुपर आठ में जगह नहीं बना सकी। एक सूत्र ने बताया, 'बोर्ड पुरानी व्यवस्था पर लौट सकता है जिसमें एक मुख्य चयनकर्ता और दो या तीन चयनकर्ता होते थे। इसमें चयन बैठकों में कप्तान और मुख्य कोच नहीं बैठते थे।'

### टी20 : भारत नवंबर में करेगा अफ्रीका का दौरा



**जोहानिसबर्ग**। भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की। सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्रृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे।

## टी20 विश्व कप : बांग्लादेश को डीएलएस के आधार पर 28 रन से हराया

# ऑस्ट्रेलिया की लगातार पांचवीं जीत टूर्नामेंट में कमिंस की पहली हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया की यह इस वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत है। आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिए थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिए 72 रन ही चाहिए थे। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया। दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।




### पैट कमिंस के तीन विकेट

कमिंस ने आखिर में लगातार तीन विकेट लेकर रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने 18वें ओवर की अंतिम दो गेंदों पर लगातार दो विकेट लिए। पहले महमूदुल्लाह पूल शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गए जबकि मेहदी हसन का कैच जम्पा ने लिया। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर कमिंस ने ह्रदय को आउट करके हैट्रिक पूरी की।

### दुनिया के 7वें गेंदबाज बने

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने इस मैच में हैट्रिक विकेट लिए। यह इस वर्ल्ड कप की पहली हैट्रिक रही। कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले दुनिया के 7वें गेंदबाज बने। वहीं कमिंस यह कारनामा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई हैं, उनसे पहले 2007 वर्ल्ड कप में ब्रेट ली ने यह कारनामा किया था। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## कोपा अमेरिका

# अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| अटलांटा

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका फुटबॉल में अपने अभियान का आगाज कनाडा को 2-0 से हराकर किया और दोनों गोल में लियोनेल मेसी ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। मेसी ने 49वें मिनट में जूलियन अल्वारेज को गेंद सौंपी जिन्होंने पहला गोल किया।

इसके बाद 88वें मिनट में लौटारो मार्तिनेज के गोल में सहायक की भूमिका निभाई। अर्जेंटीना 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद लगातार तीसरा बड़ा खिताब जीतने की कोशिश में है। अमेरिका में दूसरी बार दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल की यह सबसे बड़ी चैंपियनशिप हो रही है। मेसी का यह 35वां मैच था और उन्होंने चिली के सर्जियो लिविंगस्टोन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1941 से 1953 के बीच 34 कोपा अमेरिका मैच खेले थे। अब अर्जेंटीना का सामना मंगलवार को चिली से न्यूजर्सी में होगा। इसके बाद 29 जून को मियामी गार्डंस में उसे पेरू से खेलना है। वहीं कनाडा की टीम कंसास सिटी में मंगलवार को पेरू से और 29 जून को ओरलैंडो में चिली से खेलेगी।

### यूरो 2024 के नॉकआउट चरण में पहुंचा स्पेन

गेलसेनकिरचेन। तीन बार की यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने मौजूदा चैंपियन इटली को 1-0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है। वहीं पिछली यूरो चैंपियनशिप में उसे इटली ने सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हराया था। ग्रुप सी के मैच में इंग्लैंड ने डेनमार्क से 1-1 से ड्रॉ खेला। वहीं सर्बिया और स्लोवेनिया का मैच भी 1-1 से ड्रॉ रहा।

## ओलंपिक के दौरान मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे।

भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है।

इन खेलों में योग, खो-खो, कबड्डी, शतरंज, टी20 क्रिकेट और स्क्वाश शामिल हैं। अभी खेलों के मेजबानी अधिकार को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और ऐसे में मेजबान देश की प्राथमिकताओं पर बाद में चर्चा की जाएगी। आईओसी अध्यक्ष के अगले साल होने वाले चुनाव के बाद ही इस पर फैसला किये जाने की संभावना है।

### अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

**लंदन**। विंबलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विंबलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6-7, 3-6 से हार गए।



ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कॅरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विंबलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6-4, 4-6, 6-4 से मात दी। वहीं टॉमी पॉल ने अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 6-4 से हराया।

## ओडिशा सरकार ने हॉकी इंडिया के साथ 2036 तक बढ़ाया करार

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने हॉकी को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए हॉकी इंडिया के साथ अपना प्रायोजन करार 2036 तक बढ़ा दिया है। ओडिशा के लिए वर्ष 2036 विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तब उसकी स्थापना के 100 साल पूरे हो जाएंगे। ओडिशा 1936 में स्वतंत्र राज्य बना था।
इस साझेदारी को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, खेल और युवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज की उपस्थिति में एक उच्च स्तरीय बैठक में मूर्तरूप दिया गया। टिर्की ने कहा, 'ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और खेल एवं युवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज के साथ हमारी सार्थक बैठक हुई। हमने खेलों के विकास और हमारे प्रिय खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की रणनीतियों पर चर्चा की।'



### श्रेयसी सिंह भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली**। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। मनु भाकर एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में शीर्ष पर रही थी इसलिए उनका एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाजी में बदल दिया गया जिससे श्रेयसी को टीम में जगह मिल गई। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।



### पदक जीतने का दबाव ही है प्रेरणा

**नई दिल्ली**। ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कहा कि उन पर अपेक्षाओं का दबाव है लेकिन वे इसे झेलने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह इसे सकारात्मक रूप से देख रहे हैं। पेरिस ओलंपिक खेल शुरू होने में अब कुछ दिन ही बचे हैं और भारतीय बैडमिंटन की स्टार जोड़ी ने स्वीकार किया कि उनसे काफी उम्मीदें की जा रही हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ जिओ सिनेमा के एक कार्यक्रम में बात करते हुए सात्विक ने कहा कि वे देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## ओरजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कसी कमर

# ओलंपिक से पहले चोटों से मुक्त रहने पर जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को लगता है कि पेरिस खेलों में उनकी सफलता उनकी चोटों से मुक्त रहने की क्षमता पर निर्भर करेगी क्योंकि वह इस महासमर की स्नैच स्पर्धा में 90 किग्रा का वजन उठाने का प्रयास करेंगी। चानू 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करती हैं।

उन्होंने कहा कि सात अगस्त को उनकी स्पर्धा तक उनका ध्यान मासंपेशियों को चोटों मुक्त रखने और स्नैच में कम से कम 90 किग्रा का वजन उठाने के लिए तकनीक सुधारने पर लगा है। चानू ने भारतीय खेल प्राधिकरण मीडिया से कहा, 'मेरे लिए चोटों का प्रबंधन और तनाव मुक्त रहना महत्वपूर्ण होगा। मुझे वही चीजें करनी होंगी जिससे मुझे उबरने में मदद मिली। हम खिलाड़ियों के लिए चोटें और दर्द साथी होते हैं। ये कब परेशान करना शुरू कर दें, आपको नहीं पता। हमें इन पर विजय पानी होगी और पेरिस ओलंपिक से पता चलेगा कि मैं खेल के इन पहलुओं को कितना नियंत्रित करने में कामयाब हुई।'



चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं।

### एक महीने पहले जाएंगी पेरिस

यह स्टार भारोत्तोलक एशियाड पदक नहीं जीत सकी है। चानू ने कहा, 'एशियाई खेलों की चोट के बाद विश्व कप मेरी पहली प्रतियोगिता थी। मैं निश्चित रूप से और चोट लगने से डरी हुई थी। मैं पेरिस ओलंपिक का मौका खराब नहीं करना चाहती थी। इसलिए चोट का डर था।' चानू और उनकी टीम जुलाई के पहले हफ्ते में फ्रांस के ले फर्टे-मिलोन जाएगी जिससे उन्हें ओलंपिक से पहले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए एक महीने का समय मिल जाएगा।

शुद्ध आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से निर्मित
New Dr. Juneja's Roop Mantra®
Ayurvedic Face Cream & Face Washes

# दुनिया की सबसे गर्म जगहें, कुछ मिनटों में इंसान पड़ सकता है बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत समेत दुनिया के कई देश इन दिनों भीषण लू और गर्मी की चपेट में हैं। भारत के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी के कारण लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज हम दुनिया की पांच ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे, जहां पर इतनी भयानक गर्मी पड़ती है कि किसी की जान भी जा सकती है। यह स्थान इतने गर्म होते हैं कि यहां पर 10 मिनट में इंसान बीमार पड़ सकता है या कुछ घंटों में ही उसकी मौत हो सकती है।

तापमान जान उड़ जाएंगे होश

## डेथ वैली, कैलिफोर्निया



अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया की डेथ वैली दुनिया की सबसे अधिक गर्म जगहों में शामिल है। यहां पर 10 जुलाई 1913 में सबसे ज्यादा तापमान का रिकॉर्ड बना था। उस समय डेथ वैली के फरनेस क्रीक नामक जगह पर अधिकतम तापमान 56.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। यहां पर 37 से 40 डिग्री के बीच तापमान दर्ज किया जाता है।

## सहारा रेगिस्तान, अफ्रीका



दुनिया की सबसे गर्म जगहों में से अफ्रीका का सहारा रेगिस्तान भी एक है। इस स्थान का औसत तापमान 35 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। पूरे साल यहां 100 मिलिमीटर से भी कम बारिश होती है, जो न के बराबर है। सहारा रेगिस्तान में अधिकतम तापमान 58 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

## फ्लेमिंग माउंटेन, चीन



चीन का फ्लेमिंग माउंटेन टकलामाकेन रेगिस्तान के उत्तरी इलाके में स्थित है। शिनजियांग प्रांत के तियान शान में स्थित लाल सैंडस्टोन्स की पहाड़ियों को फ्लेमिंग माउंटेंस या हुओयान माउंटेंस भी कहा जाता है। इस पहाड़ की लंबाई 100 किलोमीटर और चौड़ाई 5 से 10 किलोमीटर है।

## ल अजीजिया, लीबिया



लीबिया के उत्तर-पश्चिम इलाके में स्थित जाफरा जिले में ल अजीजिया एक छोटा सा कस्बा है। इस इलाके में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ती है। आमतौर पर यहां का अधिकतम तापमान 35 से 40 के बीच रहता है, लेकिन 13 सितंबर 1922 में 58 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था।

## सोनोरन रेगिस्तान, अमेरिका



अमेरिका से उत्तरी मेक्सिको तक यह रेगिस्तान फैला है। इस जगह पर जानलेवा गर्मी पड़ती है। इसके साथ ही यहां कैक्टस के पौधे हैं, जो बेहद खतरनाक हैं। यह रेगिस्तान एरिजोना प्रांत में स्थित है जहां कुछ दुर्लभ जगुआर देखने मिलते हैं। यहां का औसत तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जाता है।

---

शासन को नोटिस

## दलित परिवार पर आठ केस हाईकोर्ट ने रोकी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दलित महिला और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज आठ एफआईआर पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट में चल रहे सभी ट्रायल पर भी रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर पूछा है कि आखिर राज्य में चल क्या रहा है। एक दलित महिला और उसके परिवार पर बार बार बिना जांच के एफआईआर हो रही है, पुलिस और प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है। कोर्ट ने महाधिवक्ता को इस मामले में सीधे ध्यान देने और जवाब देने कहा है। याचिका में सभी एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई है।

दरअसल बिलासपुर जिले की रहने वाली दलित विवाहित महिला ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2018 से 12 दिसंबर 2019 के बीच रायपुर के न्यू कालोनी टिकरापारा निवासी आरोपी पियूष तिवारी (35) ने खुद को अविवाहित और डीएसपी बताकर शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता को पता चला कि आरोपी न तो डीएसपी है और न ही अविवाहित है तब उसने संबंध खत्म कर लिया और उसके खिलाफ दुष्कर्म के साथ ही एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करा दिया।

### झूठा केस दर्ज करवाकर जेल भिजवाया

इसके बाद आरोपी पियूष तिवारी और उसके मित्र अरविंद कुजूर ने आरोपी महिला को धमकी दी कि वह उसे किसी भी केस में फंसा सकते हैं और केस वापस लेने का दवाब बनाया। तब पीड़िता अपने घर चली गई और वर्ष 2018 में इंदौर में शादी कर ली। शादी का पता चलने पर पियूष तिवारी ने कुम्हारी पुलिस थाने में धोखाधड़ी का झूठा केस दर्ज करावाया और महिला के पिता, भाई और पति को गिरफ्तार करवाकर जेल भिजवा दिया। बाद में आरोपी पियूष तिवारी ने पीड़िता को केस वापस लेकर राजीनामा करने की बात कही, लेकिन खुद का केस वापस नहीं लिया।

---

# चट्टानों से तराशा गया था ये 'गुलाब का शहर', सदियों तक रहा गुम!

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

दुनिया में एक शहर ऐसा भी है जो पूरा का पूरा चट्टानों के अंदर तराशा गया है। दुनिया के सात अजूबों में शामिल पेट्रा दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक माना जाता है। जॉर्डन में मौजूद इस पुरातन नगर को गुलाब का शहर या खोया हुआ शहर भी कहते हैं। दुनिया के सात अजूबों में से एक, पेट्रा जॉर्डन के सबसे प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थलों में से एक है। इस शहर को 'खोया शहर' या 'गुलाब शहर' कहा जाता है, यह दुनिया के सात अजूबों में से एक है और इसे संयुक्त राष्ट्र के स्मारक स्थलों में भी शामिल किया गया है। चट्टानों के अंदर तराशे गए इस शहर का केवल 15 फीसदी हिस्सा ही दुनिया को मालूम है। बताया जाता है कि यह वास्तव में समाधियों या कब्रों का शहर है।

## पेट्रा को यह नाम मुख्य रूप से उस पत्थर के रंग के कारण पड़ा



पेट्रा को दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक माना जाता है। पुरातत्वविदों का मानना है कि इस शहर की स्थापना 321 ईसा पूर्व में हुई थी। पेट्रा पहली शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास समृद्ध होना शुरू हुआ। चौथी शताब्दी में आए भूकंप ने पेट्रा को बुरी तरह से उजाड़ दिया। इसे 1812 स्विस खोजकर्ता जोहान्स बर्कहार्ट ने फिर से खोजा। तब से इसे द लॉस्ट सिटी के नाम से जाना जाता है। पेट्रा को यह नाम मुख्य रूप से उस पत्थर के रंग के कारण दिया गया है जिससे इसे तराशा गया था। शहर की कई संरचनाएं, जो बलुआ पत्थर से बनी हैं, सूर्यास्त और सूर्योदय के समय एक सुंदर लाल और गुलाबी रंग ले लेती हैं, जिससे इसे 'गुलाब शहर'का खिताब मिला है।

### यूनेस्को की विश्व धरोहर में है शामिल

'पेट्रा' नाम 'पेट्रोस' से लिया गया है जिसका ग्रीक में अर्थ है 'चट्टानें'। शहर को यह नाम संभवतः इसकी नक्काशीदार बलुआ पत्थर और चट्टान संरचनाओं के कारण दिया गया था। पेट्रा 1985 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल बना और इसे यूनेस्को द्वारा 'मानव सांस्कृतिक विरासत की सबसे कीमती सांस्कृतिक संपत्तियों में से एक' बताया जाता है। पेट्रा को 2007 में चीन की महान दीवार, क्राइस्ट रिडीमर की प्रतिमा, कोलोसियम, माचू पिच्चू, ताज महल और चिचेन इट्ज़ा के साथ 'विश्व के नए सात आश्चर्यों' की सूची में शामिल किया गया था।

### पेट्रा में 1000 से ज़्यादा कब्रें

का प्रसिद्ध खजाना वास्तव में एक मकबरा है। यह खजाना, जिसे अल-खज़नेह के नाम से भी जाना जाता है, पेट्रा में साइट की सबसे खूबसूरत और फोटो खिंचवाने वाली जगह है। इसे वास्तव में नाबातियन ने एक मकबरे और तहखाने के तौर पर बनाया गया था। नाबातियन लोग परलोक में विश्वास करते थे और अपने मृतकों की विशेष देखभाल करते थे। उन्होंने पेट्रा में 1000 से ज़्यादा कब्रें बनवाईं। पेट्रा का प्रवेश द्वार 1.2 किलोमीटर के संकरे मार्ग से होकर जाता है जिसे सिक कहते हैं, जिसका अर्थ है घाटी। वर्षों की बारिश और हवा ने इस प्रवेश बिंदु का निर्माण किया है जिसके दोनों ओर ऊंची चट्टानें हैं। पेट्रा का बाइबिल से संबंध माना जाता है, क्योंकि यह वाडी मूसा या मूसा घाटी के नाम से जानी जाने वाली घाटी में स्थित है।

---

# बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित देश! घर से निकलते हैं अकेले




एजेंसी ▶▶| टोक्यो

आमतौर पर बच्चे स्कूल भी जाते हैं, तो उनकी सुरक्षा को लेकर लोगों को चिंता रहती है। उन्हें अकेले कहीं भी भेजने से हम डरते हैं, क्योंकि निश्चिंत हम तब भी नहीं रह सकते। उन्हें कोई काम सौंपना छोड़िए, अकेले कहीं आने-जाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। ऐसे में अगर आपको किसी ऐसे देश के बारे में बताया जाए, जहां 4-5 साल की उम्र में भी बच्चे कहीं भी अकेले जा सकते हैं, तो आप हैरान रह जाएंगे।

आपको ये जानकर दंग रह जाएंगे कि जिस उम्र में हम बच्चों को गोदी में उठाकर सड़क पार करते हैं, उस उम्र में यहां के बच्चे अकेले ही बाज़ार पहुंच जाते हैं और ज़रूरी शॉपिंग करके वापस भी आ जाते हैं। अगर आपको यकीन नहीं हो रहा है, तो आप इस वीडियो को देखिए, जिसमें एक बच्चा सड़क पार करता हुआ दिख रहा है।

### जापानी बच्चों को मिलती है ट्रेनिंग

घर के सामान से लेकर छोटी-मोटी शॉपिंग करने से बच्चे बिल्कुल नहीं डरते, क्योंकि जापानी मम्मियां उन्हें रोकती नहीं, बल्कि साहस देती हैं। वैसे जापान के स्कूलों में भी बच्चों को आत्मनिर्भरता भरपूर सिखाई जाती है। यहां उन्हें स्कूल की साफ-सफाई करना और शारीरिक से लेकर मानसिक अनुशासन का पालन भी सिखाया जाता है। यही वजह है कि वो काफी स्मार्ट होते हैं।

---

# 74 साल की उम्र, 1300 बार हुआ गिरफ्तार

## वो शख्स, जिसने सलाखों के पीछे बिताए 6000 दिन!

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क



आदमी एक बार जेल की हवा खा ले, तो वो दोबारा ऐसा काम करने से बचता है कि उसे जेल जाना पड़े। कैदी जेल से छूटने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार होता है। पर अमेरिका का एक शख्स को शायद जेल में जाना अच्छा लगता था। यही वजह है कि वो 1-2 बार नहीं, 1300 से ज्यादा बार सलाखों के पीछे रहा था। उसने 6000 दिन जेल में बिताए थे। हाल ही में उस शख्स की मौत हो गई, जिसके बाद से उसकी चर्चा हो रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार केंटकी में लेग्जिंटन के रहने वाले हेनरी अर्ल को इंटरनेट पर लोग इस वजह से पहचानने लगे थे, क्योंकि वो कई बार जेल जा चुके थे। उन्होंने अपने अधिकतर जुर्म शराब के नशे में किए थे। 74 साल की उम्र में शख्स की इसी साल मई के महीने में मौत हो गई। उसे ओवेंटन कब्रिस्तान में दफनाया गया था। जीवन के अंतिम साल उसने एक हेल्थ केयर सेंटर में बिताए थे। उसका कोई परिवार नहीं था, इस वजह से हेल्थ केयर वर्करों ने ही उसका अंतिम संस्कार किया था।

### नशे में मचाता था हंगामा

माना जाता है कि उन्होंने 6000 घंटे जेल में ही बिता दिए। उसे अक्सर शराब के नशे में हंगामा मचाने के आरोप में गिरफ्तार किया जाता था। जुलाई 1970 में उसे पहली बार तब अरेस्ट किया गया था, जब उसके पास से एक हथियार बरामद हुआ था। उन्हें 2004 में एक अमेरिकी टॉक शो, जिमी किमेल लाइव पर भी आने का मौका मिला था, पर चूंकि वो जेल में थे, वो इसमें शामिल नहीं हो पाए थे। अप्रैल 2017 में उन्हें आखिरी बार शराब पीकर हंगामा करने के अपराध में गिरफ्तार किया गया था, पर उसी साल उन्हें बीमारी की वजह से ओवेनटन हेल्थकेयर और रीहैबिलिटेशन फैसिलिटी में भर्ती करवाया गया था। तब से वो वहीं रह रहे थे।

### गजब का था सेंस ऑफ ह्यूमर

रिपोर्ट के अनुसार हेनरी ने 18 साल की उम्र में तब शराब पीना शुरू किया था, जब उसकी मां की मौत हो गई थी, जिसने उसे गोद लिया था। 1970 के दशक में, जब वो 20 साल के थे, तब उन्होंने छोटे-मोटे जुर्म को अंजाम देना शुरू किया। लोगों का कहना है कि उनका सेंस ऑफ ह्यूमर गजब का था।

Divisa
आँखों की थकान दूर करने का आसान समाधान
3 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
Helps in:
BURNING
DRYNESS
IRRITATION
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
Dr. Juneja's EYE Mantra Plus® Eye Relief Drops
Net Qty.: 10ml
Helps in: BURNING DRYNESS IRRITATION
An Ayurvedic Proprietary Medicine
A Cooling, Soothing & Non-Irritant Eye Drops
AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com
10 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे-गुलाब, हरड़, बहेड़ा, आंवला, हल्दी, तुलसी, पुनरनवा, पुदीना, सुहागा इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा प्लस' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आंखों में होने वाली समस्याओं जैसे आंखों की थकान, आंखों का सूखापन, आंखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल बनाने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आंखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

हृदय रोग विभाग
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ॥हर एक जीवन अनमोल॥
प्रमुख उपचार:
• एन्जियोप्लास्टी
• एंजियोग्राफी
• इकोकार्डियोग्राफी
• पेसमेकर
आईसीडी •
डिवाइस क्लोजर •
अबलेशन •
उपलब्ध परामर्श
• सीने में दर्द, भारीपन, घुटन, दबाव.
• घबराहट व बेचैनी रहना व श्वांस फुलना.
• शारीरिक कार्य करने पर श्वांस तेज चलना.
• असामान्य धड़कन, चक्कर व बेहोशी आना.
• शरीर का नीला पड़ना एवं अन्य हृदय संबंधी रोग से परामर्श लेवें.
डॉ. जोगेश विशनदासानी
MD, DM-Interventional Cardiologist
न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4222999, हेल्पलाइन नंबर- 7880003497
Khanna

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
• सिर दर्द (माईग्रेन)
• मिर्गी • लकवा
• ब्रेन ट्यूमर
• ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com